भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 251 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 05 सितम्बर 2021 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए "क्रियायोग अभ्यास करें" सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुन: परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप ''अहंब्रह्मास्मि'' की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान

प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## अप्रूवल रेटिंग में टॉप पर पहुंचे पीएम मोदी

### जो बाइडेन और बोरिस जॉनसन को भी छोड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रूवल रेटिंग में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को भी पीछे छोड़ दिया है। पीएम मोदी की अप्रूवल रेटिंग 70 फीसदी है। शीर्ष 13 वैश्विक नेताओं में यह सबसे ज्यादा है। द मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वे में यह बात सामने आई है। दो सितंबर को अपडेट किए गए इस सर्वे में भारतीय प्रधानमंत्री दुनिया के कई राष्ट्रप्रमुखों से काफी आगे हैं। पीएम मोदी ने मेक्सिकन राष्ट्रपति आंद्रे मैनुएल, इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्राघी, जर्मन चांसलर एंजेला मार्केल, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, समेत कई अन्य नेता हैं। इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मौरिसन, कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो, ब्रिटिश पीएम बोरिस जॉनसन और ब्राजीलियन राष्ट्रपति जेर बोल्सोनैरो भी शामिल हैं।

इसी साल जून में जारी हुई अप्रूवल रेटिंग की तुलना में इस बार प्रधानमंत्री मोदी की अप्रूवल रेटिंग ज्यादा बेहतर हुई है। गौरतलब है कि जून में पीएम मोदी की अप्रूवल रेटिंग 66 परसेंट थी। ऐसा नहीं है कि मोदी की अप्रूवल रेटिंग में ही इजाफा हुआ है, बल्कि उनकी डिसअप्रूवल रेटिंग में गिरावट भी आई है। करीब 25 फीसदी की गिरावट के साथ अब यह लिस्ट में सबसे निचले स्थान पर है। मॉर्निंग कंसल्ट का ग्राफ दिखाता है कि प्रधानमंत्री मोदी की डिसअप्रूवल रेटिंग कोरोना की दूसरी लहर के दौरान सबसे ऊंचाई पर पहुंच गई थी। यह मई का महीना था जब कोरोना ने देश को बुरी तरह से प्रभावित किया था। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की अप्रूवल रेटिंग मई 2020 में सबसे ज्यादा 84 फीसदी पर थी। तब कोरोना महामारी से भारत निकल रहा था। मॉर्निंग कंसल्ट अप्रूवल और डिसअप्रूवल रेटिंग हर देश के बालिग लोगों से इंटरव्यू के आधार पर तय करता है। इस आंकड़े को तैयार करने के लिए मॉर्निंग कंसल्ट ने भारत में करीब 2126 का ऑनलाइन इंटरव्यू किया था।

**इन नेताओं की यह है रेटिंग**

| | |
|---|---|
| 1- नरेंद्र मोदी | : 70 फीसदी |
| 2- लोपे ओब्रैडर | : 64 फीसदी |
| 3- मारियो द्राघी | : 63 फीसदी |
| 4- एंजेला मार्केल | : 53 फीसदी |
| 5- जो बाइडेन | : 48 फीसदी |
| 6- स्कॉट मॉरिसन | : 48 फीसदी |
| 7- जस्टिन ट्रूडो | : 45 फीसदी |
| 8- बोरिस जॉनसन | : 41 फीसदी |
| 9- जेर बोल्सोनैरो | : 39 फीसदी |
| 10- मून जे-इन | : 38 फीसदी |
| 11- पेड्रो सांचेज | : 35 फीसदी |
| 12- इमैनुएल मैक्रों | : 34 फीसदी |
| 13- योशिहिदे सुगा | : 25 फीसदी |



### हरियाणा के पूर्व सीएम ओम प्रकाश चौटाला ने 86 की उम्र में पास की 10वीं

**भिवानी (एजेंसी)।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला अंग्रेजी के पेपर में पास होने के साथ ही अब 10वीं कक्षा में उत्तीर्ण हो गए हैं। 86 वर्षीय चौटाला ने गत 18 अगस्त को अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी थी। इसका परिणाम आज घोषित हुआ जिसमें चौटाला ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। दसवीं ओपन की परीक्षा के परिणामों की घोषणा के बाद शिक्षा बोर्ड चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह ने चौटाला को फोन कर उनके 10वीं के परिणाम की सूचना दी। सिंह ने बताया कि चौटाला का 10वीं का अंग्रेजी विषय का परिणाम न आने के चलते हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने उनका 12वीं का परिणाम भी रोक रखा है।

## 'एक परिवार-एक बच्चा', मोदी सरकार के मंत्री ने कहा- देश के विकास के लिए लागू हो 'वन चाइल्ड पॉलिसी'



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री रामदास आठवले ने शनिवार को कहा कि देश के विकास के लिए देश की जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करना जरूरी है और इसके लिए उनकी पार्टी 'वन चाइल्ड पॉलिसी' का समर्थन करती है। 'देश में तभी तक संविधान और धर्मनिरपेक्षता रहेगी जब तक हिंदू बहुसंख्यक हैं', गुजरात के उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल के इस बयान को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में आठवले ने कहा कि हिंदुओं की संख्या कम हो जाने की कोई संभावना नहीं है।

आठवले ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ''मैं नहीं मानता कि हिंदुओं की संख्या कम हो जाने का कोई सवाल है। हिंदू हिंदू ही रहते हैं और मुस्लिम मुस्लिम ही रहते हैं। मुश्किल से एक या दो हिंदू या मुस्लिम धर्म बदलते हैं। संविधान लोगों को वह करने की आजादी देता है, जो उन्हें पसंद हैं, कोई जबरन धर्मांतरण नहीं करा सकता है।''

आठवले ने आकहा कहा कि हिंदू या मुस्लिम आबादी अनुपात में कोई बड़ा बदलाव नहीं आएगा। उन्होंने कहा, ''देश के विकास के लिए आबादी को नियंत्रित करने की जरूरत है, चाहे वह हिंदुओं या मुसलमानों की आबादी हो।'' एनडीए में शामिल रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले ग्रुप के) प्रमुख ने वन चाइल्ड पॉलिसी का समर्थन किया। उन्होंने कहा, ''यदि हम एक परिवार एक बच्चा नीति अपनाते हैं तो हम आबादी कम कर पाएंगे। अभी 'हम दो, हमारे दो' की नीति है। हमारी पार्टी मानती है कि आबादी घटाने के लिए हम दो हमारा एक (एक परिवार, एक बच्चा) कानून बने। आठवले ने कहा कि वह पीएम मोदी के सामने भी जल्द इस मुद्दे को उठाएंगे।

## विधायक विजय मिश्र व पत्नी एमएलसी रामलली के खिलाफ अदालत ने तय किए आरोप



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भदोही से विधायक विजय मिश्र व उनकी पत्नी एमएलसी रामलली मिश्रा के विरुद्ध एमपी एमएलए की विशेष अदालत ने घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी व धोखाधड़ी करने के मामले में आरोप तय कर दिया है। आरोप पढ़कर सुनाए जाने के बाद दोनों ने आरोपों से इनकार किया और परीक्षण कराए जाने की मांग की। अदालत ने अभियोजन पक्ष के गवाहों को पेश करने का आदेश दिया। पत्रावली पर उपलब्ध कागजातों, लोक अभियोजक राजेश गुप्ता तथा विजय मिश्र, रामलाली की ओर से उपस्थित अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनकर एमपी एमएलए विशेष न्यायाधीश आलोक कुमार श्रीवास्तव ने आरोप तय किया। वादी कृष्ण मोहन तिवारी ने थाना गोपीगंज में विजय मिश्रा व रामलली के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। अदालत ने कहा कि वर्ष 2001 में विजय मिश्र व राम लली ने साजिश करके धनापुर स्थित कृष्ण मोहन तिवारी के मकान में घुसकर मारपीट कर परिवार को जान से मारने की धमकी दी। घर के कागजातों का इस्तेमाल कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर कई फर्म बनाकर गलत उपयोग किया।

### 'बताइए, कितनों को दिलवाई सजा, कितने केस पेंडिंग', सीबीआई का रिपोर्ट कार्ड तैयार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई की कार्यशैली से नाराज सुप्रीम कोर्ट ने एजेंसी से सक्सेस रेट बताने को कहा है। सीबीआई द्वारा मुकदमा चलाए जा रहे मामलों में अत्यधिक देरी का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अदालती मामलों में एजेंसी की सफलता दर (सक्सेस रेट) पर डेटा मांगा है। माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट सीबीआई के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर सकता है। दरअसल, एक मामले में सीबीआई द्वारा 542 दिनों की देरी के बाद अपील दायर किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की और उसने केंद्रीय एजेंसी के कामकाज औप उसके परफॉर्मेन्स का विश्लेषण करने का फैसला किया। रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई निदेशक को निर्देश दिया है कि वह उन मामलों की संख्या को कोर्ट के सामने रखें, जिनमें एजेंसी ट्रायल कोर्ट और हाईकोर्टों में अभियुक्तों को दोषी ठहराने में सफल रही। कोर्ट ने यह भी पूछा है कि सीबीआई निदेशक कानूनी कार्यवाही के के संबंध में विभाग को मजबूत करने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं?

## अब भारत बनेगा ड्रोन वॉर का सरदार!

### अमेरिका के साथ एएलयूएवी निर्माण को लेकर बड़ा समझौता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका ने वायु प्रक्षेपित मानव रहित यान (एएलयूएवी) यानी ड्रोन के विकास के लिए समझौता किया है। इसे दोनों देशों के बीच रक्षा एवं सैन्य सहयोग के विस्तार में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दरअसल, युद्ध में ड्रोन के इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। हवा से संचालित होने वाले ड्रोनों की अहमियत आने वाले समय में सबसे ज्यादा होगी। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि एएलयूएवी के लिए परियोजना समझौते (पीए) पर रक्षा प्रौद्योगिकी और व्यापार पहल (डीटीटीआई) के तहत 30 जुलाई को हस्ताक्षर हुए। समझौता दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच हुआ। मंत्रालय ने इसे भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग के लिए महत्वपूर्ण कदम करार दिया। मंत्रालय ने कहा कि एएलयूएवी के लिए परियोजना समझौता रक्षा मंत्रालय और अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के बीच अनुसंधान, विकास, परीक्षण और मूल्यांकन समझौता ज्ञापन के तहत आता है, जिस पर पहली बार जनवरी 2006 में हस्ताक्षर किए गए थे। जनवरी 2015 में नए सिरे से समीक्षा की गई थी। यह समझौता रक्षा उपकरणों के सह-विकास के माध्यम से दोनों राष्ट्रों के बीच रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समझौते पर हस्ताक्षर भारतीय वायु सेना की ओर से असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ (योजना) एयर वाइस मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी और अमेरिकी वायु सेना की एयर फोर्स सिक्योरिटी असिस्टेंट के निदेशक ब्रिगेडियर जनरल ब्रायन आर ब्रुकबेयर ने किए।मंत्रालय के अनुसार, समझौते का मुख्य उद्देश्य सहयोगी प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और भारतीय एवं अमेरिकी सैन्य बलों के लिए भविष्य की प्रौद्योगिकियों के सह-उत्पादन और सह-विकास के अवसरों के लिए नेतृत्व का सतत ध्यान आकर्षित करना है। संबंधित क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से सहमत परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए थल, जल, वायु और विमानवाहक प्रौद्योगिकियों पर संयुक्त कार्य समूह स्थापित किए गए हैं। एएलयूएवी के सह-विकास के लिए परियोजना समझौते की देखरेख हवाई प्रणालियों पर संयुक्त कार्य समूह द्वारा की गई है। यह डीटीटीआई के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।



### सरकार का कर्मचारियों को आदेश

## वाई- ब्रेकएप डाउनलोड कीजिए और 5 मिनट योग करें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आयुष मंत्रालय की तरफ से एक नया योग ऐप बनाया गया है, जो आपके रुटीन वर्क और हेल्प प्रोफोशनल से जुड़ा रहेगा। यह प्रोटोकॉल खासकर ऑफिस जाने वाले लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है।सरकार ने अपने सभी कर्मचारियों को आयुष मंत्रालय द्वारा विकसित एक एप्लिकेशन - वाई- ब्रेक डाउनलोड करने के लिए कहा है, जिसमें पांच मिनट का योग प्रोटोकॉल इनबिल्ट है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने दो दिन पहले जारी एक आदेश में सभी मंत्रालयों से इस ऐप को बढ़ावा देने को कहा है। ङ्कवाई-ब्रेक (योग ब्रेक) प्रोटोकॉल के उपयोग और उपयोग के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए और सभी क्षेत्रों के लिए कार्यबल के बीच आवेदन करने के लिए, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों से वाई- के उपयोग को बढ़ावा देने का अनुरोध किया जाता है। योग प्रोटोकॉल और ऐप को मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योगा (श्वरूड्ढ्ठ) के सहयोग से बनाया गया है, जो कि एक ऑटोनॉमस बॉडी है। यह आयुष मिनिस्ट्री के तहत काम करती है। साथ ही कई अन्य इंस्टीट्यूट जैसे कृष्णामचारी योगा मंदिर चेन्नई मिशन विवेकानंद एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट बेलुर मैथ, स्ङ्कङ्घ्रस्-बैंगलोर और कैवल्याधाम हेल्थ और योगा रिसर्च सेंटर-लोनावला ने इस ऐप को बनाने में मदद की है।

योग एक्सपर्ट का कहना है कि लोग ऑफिस में घंटों लगातार काम करते हैं। हालांकि लोगों को काम के दौरान छोटा ब्रेक लेना चाहिए। जिससे स्ट्रेस को कंट्रोल रखा जा सकेगा। इसका असर ना सिर्फ आपकी फिजिकल हेल्थ बल्कि मेंटल हेल्थ पर भी पड़ेगा। ऐसा देखा जाता है कि कारपोरेट प्रोफेशनल्स को अधिकतर वर्क स्ट्रेस और नकरात्मक इंपैक्ट देखा जाता है।

## टीएमसी ने ली चैन की सांस, ममता की सीट भवानीपुर में 30 सितंबर को उपचुनाव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में बहुप्रतीक्षित उपचुनाव को लेकर तारीखों का ऐलान हो गया है। चुनाव आयोग के इस ऐलान के साथ ही ममता बनर्जी की बड़ी टेंशन खत्म हो गई है। भारतीय निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की तीन और ओडिशा की एक सीट लिए उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इसके मुताबिक, भवानीपुर विधानसभा सीट पर 30 सितंबर को उपचुनाव होंगे और वोटों की गिनती 3 अक्टूबर को होगी। बंगाल का भवानीपुर विधानसभा वही सीट है, जहां से ममता बनर्जी उपचुनाव लड़ेंगी।

एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, चुनाव आयोग ने 30 सितंबर को भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र (पश्चिम बंगाल) में उपचुनाव कराने का फैसला किया है। इस तारीख को पश्चिम बंगाल के समसेरगंज और जंगीरपुर और पिपली (ओडिशा) में भी उपचुनाव होंगे। उपचुनाव के वोटों की गिनती 3 अक्टूबर को होगी। हालांकि, चुनाव आयोग ने कहा कि अन्य 31 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उपचुनाव को कोरोना की वजह से टाल दिया गया है। चुनाव आयोग के मुताबिक, 13 सितंबर को नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारिख होगी और वहीं कैंडिडेट 16 सितंबर से पहले तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि संवैधानिक आवश्यकता और पश्चिम बंगाल राज्य के विशेष अनुरोध पर विचार करते हुए भवानीपुर (ममता बनर्जी की परंपरागत सीट) के लिए उपचुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। आयोग द्वारा कोरोना से बचाव के लिए अत्यधिक सावधानी के रूप में बहुत सख्त मानदंड बनाए गए हैं।

जिन सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है वे हैं, मुर्शिदाबाद में जंगीपुर और समसेरगंज, 24 दक्षिण परगना में गोसाबा, दक्षिण मेदनीपुर में खरगपुर, नादिया में शांतिपुर, कूचबिहार में दिनहाटा और भवानीपुर। ममता बनर्जी के कुर्सी पर मंडराते खतरे की वजह से टीएमसी बार-बार चुनाव आयोग से जल्द उपचुनाव की मांग कर रही थी। बता दें कि ममता की सीट पर उपचुनाव कराने के लिए टीएमसी दिन-रात एक की हुई थी। वजह यह थी कि अगर ममता बनर्जी 5 नवंबर तक विधानसभा की सदस्य नहीं बन पाती तो उन्हें मुख्यमंत्री पद की कुर्सी से हटना पड़ता। जैसे-जैसे यह तारीख नजदीक आ रही थी, तृणमूल कांग्रेस की बेचैनी बढ़ती जा रही थी। भाजपा कोरोना का हवाला देकर उपचुनाव का विरोध कर रही थी।

## मुजफ्फरनगर में किसान महापंचायत को लेकर सुरक्षा कड़ी, राकेश टिकैत बोले- हमें रोका तो बैरियर तोड़ देंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र के तीन कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों के संगठन संयुक्त किसान मोर्चा ने रविवार को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक मेगा महापंचायत का आयोजन किया है। भारतीय किसान संघ के नेता राकेश टिकैत ने कहा कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। राकेश टिकैत ने कहा, ङ्कमहापंचायत के लिए पहुंचने वाले लोगों की संख्या को बताना असंभव है। लेकिन मैं वादा कर सकता हूं कि लोग बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। किसानों को महापंचायत तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। अगर वे हमें रोकते हैं, तो हम बैरियर तोड़ते हुए पहुंचेंगे। पंजाब से लगभग 2,000 किसानों के मुजफ्फरनगर पहुंचने की उम्मीद है। वे अमृतसर से सुबह चार बजे, जालंधर से सुबह पांच बजे और लुधियाना से रविवार को सुबह छह बजे एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ेंगे।दिल्ली की सीमा पर धरना स्थलों से 400-500 किसान महापंचायत के लिए रवाना होंगे। किसान टिकरी और गाजीपुर बॉर्डर से बसों में शिफ्ट में निकल रहे हैं। शुक्रवार की रात धरना स्थलों से दो बसें मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हो चुकी हैं।

### जाति आधारित जनगणना के मुद्दों के लिए कांग्रेस ने बनाई समिति, वीरप्पा मोइली होंगे अध्यक्ष



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जाति पर आधारित जनगणना से संबंधित मामलों के अध्ययन के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति में पीएल पुनिया, सलमान खुर्शीद, अभिषेक मनु सिंघवी, मोहन प्रकाश, आरपीएन सिंह और कुलदीप बिश्नोई को भी शामिल किया गया है पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में बताया गया कि पूर्व कानून मंत्री वीरप्पा मोइली इस समिति की अध्यक्षता करेंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस ने संसद के मानसून सत्र के दौरान जाति आधारित जनगणना की मांग का समर्थन किया था। पार्टी ने कहा था कि आरक्षण के लिए तय 50 फीसद की सीमा को आगे और बढ़ाने पर विचार किया जाना चाहिए। कांग्रेस ने सरकार से यह भी पूछा था कि वह जाति आधारित जनगणना से भाग क्यों रही है। पार्टी के नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने राज्यसभा में कहा था कि जाति आधारित जनगणना की जरूरत है क्योंकि कई राज्यों में पिछड़े वर्गों के लिए कोटा निर्धारित सीमा से ज्यादा हो गया है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व प्रधान लेड़ियारी के घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंची सांसद रीता जोशी

**लेड़ियारी।** प्रयागराज की सांसद रीता जोशी अपने कार्यकताओं के साथ शनिवार को लेड़ियारी के पूर्व प्रधान मानिक लाल सिंह का गत दिनों हुई आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पहुंचीं। जहां पर पूर्व प्रधान के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की । तत्पश्चात उनके परिवार से मिलकर ढांढ़स बंधाया। श्रद्धांजलि स्थल पर बैठ कर कुछ प्रमुख कार्यकताओं से बातचीत की। इसके बाद कामता सिंह बघेल के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास अरूआरी पहुंची। जहां पर उनके परिवार से मिलकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान राजेश त्रिपाठी रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य कुसुम केसरी, ओंकार केसरी,सरस्वती प्रसाद मिश्र, सुरेश चंद, शंकर दयाल तिवारी के अलावा और तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पिता ने बेटी को मारी गोली, हालत नाजुक

## प्रेमी के साथ भागने से नाराज था पिता घर वापस आने पर मारी गोली



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के भागलपुरवा गांव में प्रेमी संग फरार होने पर नाराज पिता ने मारपीट के दौरान अपनी ही बेटी को गोली मार दी। गोली लड़की के कंधे में लगी है। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। आरोपी पिता फरार बताया जा रहा है। उसकी खोजबीन में जुट गई है।भागलपुरवा गांव में एक युवती पड़ोस में रहने वाले एक युवक से प्रेम करती थी। दोनों कुछ दिन पहले घर से भाग गए थे। परिजनों के काफी खोजबीन के बाद भी उनका पता नहीं चला था। शुक्रवार को दोनों अचानक घर पहुंच गए। मामले की जानकारी होने पर लड़की पक्ष के लोगों ने लड़के के घर पर जाकर शिकायत की तो दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इसी दौरान आक्रोशित पिता ने तमंचे से अपनी ही बेटी को गोली मार दी। संयोग से गोली उसके कंधे में लगी और वह गिर पड़ी। गोली चलने की आवाज से हड़कंप मच गया। कुछ देर में पुलिस पहुंच गई। लड़की के बयान के मुताबिक पिता ने उसे गोली मारी है। आरोपी पिता फिलहाल फरार चल रहा है। पुलिस उपाधीक्षक सुधीर कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## आवारा मवेशियों को लेकर दिया ज्ञापन

**जसरा।** हमारा भारत देश एक कृषि प्रधान देश है। जहां आधा से ज्यादा जनसंख्या खेती पर निर्भर रहती है। खेती जैसा रूप हमें प्रकृति द्वारा मिला है लेकिन जब हमारे फसल को मवेशियों द्वारा चर कर नष्ट कर देते हैं तो हमारे किसान भाइयों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ता है। इन्हीं सब समस्याओं को देखते हुए शनिवार को उत्तर प्रदेश कृषि छात्र संघ प्रयागराज एवं प्रयाग संगम सेवा संस्थान के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश कृषि छात्र संघ प्रयागराज के जिला महासचिव शान्तनु मिश्रा और प्रयाग संगम सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी बारा सौम्या गुरु रानी जी को मवेशियों की समस्या हेतु ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सुधांशु मिश्रा, रावेन्द्र तिवारी, राम जी त्रिपाठी, योगेश यादव, शनि शुक्ला, मयंक ओझा, कुलदीप यादव एवं अविनाश त्रिपाठी सहित पूरा जनसमूह एकत्रित रहा।



# वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव रहीं प्रियंका वाड्रा

## कांग्रेस पार्टी जिलास्तरीय प्रशिक्षण शिवर

### 200 लोगों को किया गया प्रशिक्षित

अखंड भारत सन्देश




कांग्रेस पार्टी के जिलास्तरीय प्रशिक्षण शिविर में प्रियंका गांधी के वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान उपस्थित कांग्रेस जन

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज विधानसभा मेजा में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस अपनी तैयारी में लगी हुई है। पार्टी की ओर से प्रदेश में प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। उसी क्रम में शनिवार को क्षेत्र के लखनपुर गांव स्थित एक गेस्ट हाउस में कांग्रेस ने जिला स्तरीय शिविर लगाया। जिसमें 200 लोगों को प्रशिक्षित किया गया। प्रदेश सचिव वसीम अंसारी व राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी की सात सदस्यीय टीम ने सात विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की बेबसी लाचारी को लेकर भाजपा अपनी सफाई देने में लगी हुई है। भाजपा झूठ को सच और सच को झूठ साबित करने मे लगी है। प्रदेश सचिव वसीम अंसारी ने आगे कहा कि आज के प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस द्वारा आजादी के पूर्व से लेकर कांग्रेस शासन काल तक किए गए कार्यो को एवं भाजपा के आईटी सेल द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर झूठी और भ्रामक दुष्प्रचार कांग्रेस को बदनाम करने की साज़िश को रणनीति बनाकर सच्चाई को जनता के बीच प्रमाण के रखने हेतु टीम गठन किया गया। जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी ने कहा कि सभी प्रशिक्षुओं को पूरी निष्ठा से अपना कार्य कर इस गूंगी बहरी सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। प्रशिक्षण शिविर मे 76 न्याय पंचायत के अध्यक्ष, चार नगर पंचायत के अध्यक्ष व 32 जिला कांग्रेस के पदाधिकारी कैंप मे मौजूद रहे। ट्रेनिंग कैंप के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि कार्यकर्ता प्रदेश में लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं और प्रदेश के हर छोटे बड़े मुद्दे पर कांग्रेस लड़ाई लड़ रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी ने किया। इस दौरान प्रशिक्षण शिविर सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय नेता व भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा



### मदन मोहन मालवीय कॉलेज में मनाया शिक्षक दिवस

**करछना।** क्षेत्र के मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना में रविवार को अवकाश होने के कारण एक दिन पूर्व ही शनिवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया ? शिक्षाविद पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन मनाते हुए बच्चों को पठन-पाठन की जिम्मेदारी सौंपी गई जिसे बच्चों ने बहुत ही उत्कृष्ट तरीके से निभाया। प्रधानाचार्य के रूप में क्षात्रा छवि द्विवेदी और चीफ प्रॉक्टर के रूप में मीनाक्षी तिवारी ने कार्य किया सभी पच्चीस सेक्शन में छात्र ही अध्यापक के रूप में अध्यापन कराया । छात्र छात्राओं ने उच्च कोटि का प्रदर्शन करते हुए अपने भविष्य की झांकी प्रस्तुत किया उप प्राचार्य के रूप में ललित कुमार सिंह ने अनुशासन व्यवस्था बनाने में सहयोग किया इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर चनैनी ग्राम प्रधान धीतेश तिवारी की मौजूदगी में बच्चों ने छात्र छात्राओं ने केक काटकर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।इस दौरान शिक्षक चक्रधर सिंह,मनीष जायसवाल, लालचंद सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे ।

### मुकुट सिर मोर का, मेरे चित चोर का पर झूमे श्रोता



**सहसों।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव व छट्ठी के उपलक्ष में सहसों स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक विराट पशु मेला प्रबन्धक तीरथ सिंह ने कार्यक्रम के शुभारंभ हनुमान जी एवं लड्डू गोपाल की फूल मालाओं से भव्य श्रृंगार कर किया। नए वस्त्र पहनाएं तत्पश्चात माखन मिश्री तथा सवा क्विंटल लड्डू का भोग लगाया। इस मौके पर आचार्य पंडित अशोक पांडे व पंडित विमल कुमार शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण से भगवान की पूजा-अर्चना तथा दिव्य आरती के पश्चात भजन संध्या का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। भजन संध्या कार्यक्रम में मथुरा उर्फ पारनडीह से पधारे कृष्ण भजन भक्तों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया। मुकुट सिर मोर का, मेरे चित चोर का, दो नैना सरकार के कटीले है कटार से, पर भक्तों ने खूब तालियां बजाकर भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाते हुए भाव विभोर होकर झूम उठे। इस अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पशु मेला के प्रारम्भ के लिए बजरंगबली को मंदिर में निशान भी चढ़ाया गया। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। उपस्थित भक्त आनंदित व भाव विभोर होकर भगवान के श्री चरणों में भजन सुनकर रमे रहे।

### जर्जर भवन एवं मान्यता नवीनीकरण के अभाव में बालिका गृह का संचालन बन्द



**पासना,कोरांव।** तहसील अंतर्गत ग्राम पसना में कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट द्वारा संचालित कस्तूरबा कोल बालिका आश्रम बालिका गृह का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी के लिखित आदेश से बंद कर दिया गया है। ज्ञातव्य हो कि निदेशक महिला कल्याण लखनऊ के द्वारा संस्था को फरवरी 2014 में 0 से 18 आयु वर्ग बालिकाओं हेतु आश्रम संचालन हेतु मान्यता निर्गत की गयी थी,जिसकी वैधताअवधि फरवरी 2019 तक थी। वैधता समाप्ति के बाद मान्यता का नवीनीकरण नही कराया गया। समय-समय पर शासन द्वारा जांच में भी विभाग द्वारा तय किशोर न्याय योजना के नियमों एव प्रावधानों का पालन न होना व संस्था का भवन जर्जर पाया गया। इसी के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रयागराज द्वारा बालिका आश्रम का संचालन बन्द करते हुए उपजिलाधिकारी कोरांव को निर्देशित किया गया कि स्थानीय स्तर पर बालिका गृह का संचालन बन्द करवाएं।

# दो बैरिकेडिंग तोड़ घुसे नशे में धुत कार सवार

अखंड भारत संदेश

### दरोगा सहित कई पुलिस कर्मी बाल बाल बचे

**घूरपुर।** नशे मे धुत कार सवार घूरपुर थाना गेट के सामने व इरादतगंज में लगे बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए भागने का प्रयास करने लगें। पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। बैरिकेडिंग के सामने कार को रोक रहे कई पुलिस कर्मी बाल बाल बच गए। शुक्रवार की देर शाम एक लग्जरी कार रीवा की तरफ से शहर की ओर जा रही थी। जैसे ही गौहनिया के पास पहुंचीं तो एक गाय को टक्कर मार दी जिससे कुछ स्थानीय लोगों ने बाइक से पीछा कर घूरपुर पुलिस को सूचना दी। जिससे पुलिस ने थाना गेट के सामने बैरीकेडिंग लगा आधा दर्जन सिपाही और दो दरोगा कार को रोकने का प्रयास किए। कार सवारों ने बैरीकेडिंग को तोड़ते हुए आगे बढ़ गए जिसमे एक दरोगा कार की चपेट मे आने से बाल बाल बच गया। उसके बाद पुलिस ने इरादतगंज हाईवे पर बैरीकेडिंग लगा पुलिस कार को रोकने के लिए आगे खड़ी हो गई वहां पर भी बैरीकेडिंग तोड़ते कार आगे बढ़ गई बैरीकेडिंग के पास खड़े कई पुलिसकर्मी भाग कर जान बचाएं। इस बीच कार सवारो ने दो वाहनों को टक्कर मार क्षतिग्रस्त कर दी। हाईवे पर अफरातफरी मच गई। उसके बाद पुलिस दो किलोमीटर दूर तक पीछा कर कार को रोकने में कामयाब हो गई। लेकिन मौके से कार चालक भाग निकला। पुलिस ने कार सहित कार पर सवार चार युवकों को हिरासत में ले लिया। कार सवार चारों युवक शराब के नशे में धुत थे। कार के पीछे जनता दल यूनाइटेड महानगर प्रयागराज महासचिव आयान लिखा था। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## बाइक की टक्कर सड़क पार कर रही महिला घायल

**घूरपुर।** घूरपुर कस्बा में सड़क पार कर रही एक अधेड़ महिला गंभीर रूप से घायल हो गई बाइक मे महिला की साड़ी फस जाने से कुछ दूर तक घसिट गई। लोगों ने बाइक सवार को पकड़ लिया।

घूरपुर कस्बा के बनिया तारा निवासी मानवती देवी 50 वर्ष पत्नी जानकी प्रसाद शनिवार की शाम घर के सामने किराना के दुकान से सामान खरीदकर सड़क पार कर घर जा रही थी कि घूरपुर की तरफ जा रही बेकाबू बाइक टक्कर मार दी। और महिला की साड़ी बाइक मे फस गई जिससे महिला कुछ दूर तक घसिट गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायल महिला को इरादतगंज के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। आस पास के लोगो ने बाइक सवार युवक को दबोच लिया। बाइक सवार युवक शराब के नशे में धुत था।

# जीवित महिला को मृतक दिखा कर कराली अपने नाम जमीन

### कोरांव तहसील के ग्राम देवघाट का मामला

अखंड भारत संदेश

**कोराव।** तहसील कोरांव के ग्राम देवघाट में एक जीवित महिला को मृतक दिखा कर एक सरहंग ने अपने नाम जमीन दर्ज करा ली। एक जीवित महिला मालती देवी पत्नी सुखलाल पाल की जमीन को ग्राम अल्हवा कोराब निवासी सुखलाल सिंह पटेल पुत्र पन्नालाल ने अपने नाम राजस्व कर्मियों को पटा कर अपने नाम खतौनी में दर्ज करा लिया।

बता दें कि मालती देवी पत्नी सुखलाल पाल निवासी देवघाट तथा महुली की जमीन संख्या १६३२ मिंजुम्ला की खतौनी निकलवाने गई तो उसने अपना नाम मृतक पाया। खतौनी का अवलोकन किए जाने के बाद



मालती देवी और उसका पुत्र मोहन लाल

पता चला कि 11/2/2020 को खतौनी में दर्ज अमल दरामद आदेश में मालती देवी को मृतक दिखा कर ग्राम अल्हवा निवासी सुखलाल सिंह पटेल का नाम दर्ज हो गया है। अपने को मृतक देख मालती ने राजस्व विभाग और फ्राडीयों के कारनामें से आश्चर्य चकित हो गई। मालती देवी जाति की पाल है। और फ्राड कराने वाला जाति का कुर्मी। मजेदार बात तो यह है कि ग्राम अल्हवा निवासी सुखलाल पटेल की भी पत्नी का नाम मालती देवी था। जो मृतक हो गई थी। भू अभिलेखों में आज भी सुखलाल पुत्र तेजई व मालती पत्नी सुखलाल दर्ज है। जीवित मृतक मालती के पति व कुल छ लड़के भी हैं। उक्त जानकारी के पश्चात महिला और उसके पति तथा आधा दर्जन पुत्रों ने राजस्व कर्मियों और फ्राड कर्ता के खिलाफ एफ आई आर दर्ज किए जाने की मांग की और अपने नाम की जमीन पर दूसरे का नाम हटा कर जीवित महिला का नाम दर्ज किए जाने की भी मांग की।

> इस मामले को संज्ञान में ले रहा हूं,जांच कराकर कार्यवाही करूंगा।,,
> वी०के० शर्मा
> तहसीलदार कोराव प्रयागराज

# करछना : संपूर्ण समाधान दिवस पर 150 शिकायतें आयीं

### कमिश्नर के आने की सूचना पर जुटी रही भारी भीड़

### मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं

अखंड भारत संदेश



संपूर्ण समाधान दिवस करछना में उपस्थित अधिकारीगण

**करछना।** शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में करछना तहसील में एडीएम नजूल गंगाराम गुप्ता ने अध्यक्षता किया जिसमें कुल 150 शिकायतें आई मौके पर एक भी शिकायतों का निस्तारण नहीं हो सका। वहीं चर्चा रही कि कमिश्नर आशीष गोयल एवं एडीजी आने वाले हैं जिससे बड़ी संख्या में फरियादी उनका इंतजार करते रहे लेकिन दोनों अधिकारियों के नहीं आने पर मायूस होकर कई फरियादी वापस लौट गए सबसे अधिक अधिक 75 शिकायतें राजस्व विभाग की रहीं । वहीं 19 शिकायतें पुलिस विभाग और अन्य विभागों से संबंधित 56 शिकायतें आई ज्यादातर शिकायतों में जमीनों पर कब्जे, पट्टे की जमीनों पर अतिक्रमण, चक मार्गो नालियों पर अतिक्रमण की ही रहीं । एसडीएम ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सही ढंग से व समय से निस्तारण करें जिससे बार बार आने वाली शिकायतों को लोगों से निजात मिले। इस दौरान उप जिलाधिकारी करछना विनोद कुमार पांडे, तहसीलदार रमेश कुमार, एसपी यमुनापार सौरभ दिक्षित ,सीओ करछना राजेश कुमार यादव, नायब तहसीलदार विनय कुमार द्विवेदी , बीडीओ जितेन्द्र कुमार सहित कई विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे ।

## फूलपुर तहसील में डीएम के न आने से फरियादी मायूस

**फूलपुर।** फूलपुर तहसील में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी का कार्यक्रम प्रस्तावित था जिसके कारण सुबह से ही फरियादियों की भीड़ तहसील में जमा होने लगी। फरियादी जिलाधिकारी से मिलकर अपनी पीड़ा बया करना चाहते थे परन्तु जब उन्हें पता चला की जिलाधिकारी का आगमन तहसील में नहीं होगा उनमें मायूसी छा गई। फूलपुर के शेषपुर पूर्वी तकिया में कब्रिस्तान की भूमि पर शेरे पुश्ती से सड़क बनाने की शिकायत लेकर आए अरशद उल्ला ने उप जिलाधिकारी से अपनी ब्यथा बताई। वहीं राशन के लिए दौड़ लगा रहे दो दिव्यांगो ने सप्लाई इंस्पेक्टर अमित चौधरी से मिलकर अपनी समस्या बताई।

## थरवई पुलिस ने समरसेबल चोरों को समर्सिबल सहित धर दबोचा

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में 36 घंटे पूर्व हुए समरसेबल पंप की चोरी में सम्मिलित चोरों को मुखबिर खास की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थरवई के नेतृत्व में शनिवार को तकिया तिराहे से दबिश देकर समरसेबल पंप सहित चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया। चोरों ने समरसेबल पंप बोरी में भरकर बेचने के लिए प्रयागराज शहर जाने के फिराक में खड़े थे। गिरफ्तार किए गए चोरों में प्रदीप कुमार पटेल उर्फ सोनेलाल पटेल पुत्र राम अभिलाष पटेल 21 वर्ष निवासी ग्राम बेरूई थाना थरवई व अजय पटेल पुत्र विजय बहादुर पटेल 19 वर्ष निवासी ग्राम मलाका मय भैंसाही थाना थरवई। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों को थाने ले जाकर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक मोहम्मद अली खां थाना थरवई, उप निरीक्षक कैलाश सिंह थाना थरवई, उप निरीक्षक चंदन सरोज थाना थरवई, कांस्टेबल विजय कुमार यादव थाना थरवई व कांस्टेबल सत्यम पाठक थाना थरवई शामिल रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा का कुंदौरा धाम में हुआ स्वागत

अखंड भारत संदेश



नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा का स्वागत करते

**प्रतापपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भाजपा युवा गंगापार नवीन सिंह पटेल का धनूपुर क्षेत्र के धोबहा बाजार, शुकुलपुर, धनूपुर बाजार, कुन्दौरा महादेव, हरीपुर मर्रो बाजार, कटहरा बाजार में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर जोरदार स्वागत किया गया।नवीन पटेल ने कहा कि आने वाले विधानसभा में चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत से विजय दिलाने में एकत्रित होकर हर बूथ को मजबूत करके योगी के नेतृत्व में पुनः सरकार बनाई जाएगी।जिसमें मुख्य रुप से भाजपा नेता अवधेश तिवारी, सुमित तिवारी, आशीष त्रिपाठी, रजत सिंह, रवि सिंह, निर्गम जायसवाल, अनुराग ठाकुर, अनुराग केशरवानी, दिलीप मणि सिंह, संतोष मिश्रा, रवि सिंह, मंडल अध्यक्ष इन्द्र बहादुर कुशवाहा, सूबेदार, वीरेंद्र मौर्या, प्रांशु गुप्ता सैकड़ों युवा साथी उपस्थित रहे।नवीन सिंह पटेल का स्वागत कार्यक्रम धनूपुर में बजरंग बली मन्दिर पर भी किया गया जिसमे मुख्य रूप से समाजसेवी अवधेश तिवारी उपस्थित रहे ।इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक आशीष त्रिपाठी, वीरेंद्र मौर्य, सतीश तिवारी, संजू पांडेय, सचिन पांडेय, पवन पांडेय, राजेश यादव, हर्षित पांडेय, विनय पांडेय, रोहित मिश्रा, संतोष शुक्ला, शनि तिवारी, कृपा शंकर पांडेय, राजेश्वर दुबे, राधेमोहन पांडेय, गोलू दुबे, आशीष सिंह, बिपिन मिश्रा, कमलनयन, रितिक, यतीन्द्र, धीरेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

# सहायक सचिव के चयन प्रकिया में धांधली का आरोप

## बिरोध में ब्लाक मुख्यालय पर दिया धरना की शिकायत

अखंड भारत संदेश




संपूर्ण समाधान दिवस करछना में उपस्थित अधिकारीगण

**करछना।** कौंधियारा ब्लॉक के ग्राम सभा बड़गोहना खुर्द के पंचायत सहायक सचिव की नियुक्ति के सम्बन्ध में एक तरफ आवेदक अमित पटेल का कहना है कि हमारे साथ नियुक्ति में अन्याय हो रहा है जब हमने आवेदन ब्लॉक में जमा कर दिया था तो हमारा चयन क्यो नही हुआ और जो आवेदन ही नहीं किया उसका चयन हो गया इसी सम्बन्ध में हमने अपने परिवार और गांव के कुछ लोगों को लेकर करछना तहसील समाधान दिवस पर आये हुए उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र देकर और कौंधियारा ब्लॉक मुख्यालय पर बी. डी.ओ. को शिकायत पत्र देकर न्याय की मांग करते हुए तहसील और ब्लॉक के अधिकारियों को शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया और जब मीडिया वालों ने ग्राम प्रधान शैलेंद्र तिवारी जी से चयन प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तो प्रधान जी ने कहा कि इस चयन प्रक्रिया सम्बंधित दस्तावेज को जमा करने के लिए जिले स्तर, और ब्लॉक स्तर तथा ग्राम पंचायत स्तर पर जमा करने के लिए निर्देश जारी हुआ था उसी तहत और आवेदकों ने जिले पर और ब्लॉक पर और आवेदकों ने ग्राम पंचायत पर फार्म जमा किये गए थे! जिसमें एक फार्म गौरव कुशवाहा का हमारे पास जमा था और जो ब्लॉक स्तर पर से मेरिट बनायी गयी थी वह जो फार्म जिले और ब्लॉक पर जमा हुए थे उन्ही की मेरिट लिस्ट बनायी गयी थी और हमको ऐसी सूचना नहीं थी कि जो ग्राम पंचायत में फार्म जमा हुए हैं उनको ब्लॉक में भी जमा करना होगा! इसी वजह से जो फार्म 15 अगस्त को हमारे पास जमा हुए थे! उनको नियुक्ति के दिन सम्मलित करके जो आवेदक का मेरिट लिस्ट सबसे ज्यादा था उसका चयन ग्राम पंचायत समिति के समक्ष किया गया जो आरोप हमारे ऊपर लगाया जा रहा है यह गलत है और बेबुनियाद है! जो शिकायत अमित पटेल के द्वारा किया गया है उसकी सही तरीके से जांच पड़ताल करके आवेदक अमित पटेल को संतुष्ट किया जाय! प्रधान शैलेंद्र तिवारी जीने कहा कि हमको किसी से कोई आपत्ति नहीं है और जिसका मेरिट ज्यादा था उसका चयन प्रक्रिया की कार्यवाही रजिस्टर में उपस्थित ग्राम सदस्य और ग्राम विकास अधिकारी और प्रधान की निगरानी में गौरव कुशवाहा का चयन किया गया है।

## खबर संक्षेप

### घर-घर जाकर सांसद ने व्यक्त किया शोक

**शंकरगढ़।** क्षेत्र भ्रमण के दौरान सांसद ने शोक संवेदना भी जताई। कोरॉव के विश्वनाथ के पिता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी क्रम में अन्नू दुबे के पति स्व0 राजेश्वर द्विवेदी के घर पहुंची। केशव प्रसाद केसरवानी के निवास पर पहुंचकर उनके पुत्र प्रतीक केसरवानी के निधन पर परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। इसी तरह श्यामबाबू केसरवानी मंडल अध्यक्ष खीरी के माता के निधन पर उनके आवास जाकर शोक व्यक्त किया। बाल गोविंद पांडेय वरिष्ठ अधिवक्ता के मां के निधन पर बहरैचा जाकर शोक संवेदना जताई। ग्राम प्रधान लेडि?री के पिता स्व. मानिकलाल सिंह (पूर्व प्रधान) के निधन पर और अरुवारी के पूर्व प्रधान कामता सिंह बघेल के आवास जाकर शोक संवेदना जताई। इस दौरान प्रमुख रूप से राम अवध कुशवाहा पूर्व ब्लाक प्रमुख, रामेश्वर द्विवेदी, आरके पांडेय, राजेश त्रिपाठी, ओमकार केसरी, गंगा मिश्रा ब्लाक प्रमुख, शिवबाबू केसरी, कुसुम केसरवानी व मदन सिंह आदि मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अभिषेक शुक्ला ने दी।

# डीएम व नगर आयुक्त ने लोगों को किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**जन जागरूकता रैली**

**साफ-सफाई को लेकर दिए कड़े निर्देश, छोटा बघाड़ा के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

**बीमारियों की रोकथाम हेतु साफ-सफाई, फागिंग एवं एण्टी लार्वा तथा चूना का छिड़काव निरंतर करें**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं नगर आयुक्त रवि रंजन शनिवार को छोटा बघाड़ा के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जनजागरूकता रैली में प्रतिभाग करते हुए लोगो को साफ-सफाई के बारे में जागरूक किया। उन्होंने नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग तथा मलेरिया विभाग के अधिकारियों को जल जनित बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए साफ-सफाई, फागिंग, एण्टी लार्वा तथा चूना छिड़काव निरंतर कराते रहने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने भ्रमण के दौरान वहां के लोगो से बात-चीत करते हुए अपने घरों में कूलर तथा अन्य स्थानों पर पानी इकट्ठा न होने देने के लिए कहा है साथ ही साथ लोगो को अपने घरों की निरंतर साफ-सफाई करते रहने के लिए भी कहा है। उन्होंने नगर निगम को नालों इत्यादि की निरंतर सफाई कराते रहने तथा सड़कों एवं गलियों की भी निरंतर सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि डेंगू, मलेरिया जैसी जलजनित बीमारियां जल जमाव से ही होती है, इसलिए यह जरूरी है कि कहीं पर भी जल का जमाव न होने पाये। उन्होंने वहां पर रह रहे छात्रों एवं निवासियों से भी कहा कि घरों में भी कहीं पर भी पानी इकट्ठा न होने पाये, इसका विशेष ध्यान रखे। जिलाधिकारी ने जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु निरंतर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाते रहने के भी निर्देश दिये है। इस अवसर पर नगर आयुक्त रवि रंजन ने नगर निगम के अधिकारियों को निरंतर साफ-सफाई कराते रहने के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा धिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी व नगर आयुक्त लोगों को जागरूक कर रहे।

# फर्जी डिग्री मामले में न्यायालय ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को बड़ी राहत , याचिका खारिज

अखंड भारत संदेश

**एसीजेएम कोर्ट ने आरटीआई एक्टिविस्ट दिवाकर त्रिपाठी की याचिका की खारिज**



**प्रयागराज।** यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को बड़ी राहत मिली है। कथित फर्जी डिग्री मामले में दाखिला अर्जी न्यायालय ने खारिज कर दी। प्रयागराज की एसीजेएम नम्रता सिंह ने अर्जी को बिना किसी टिप्पणी क खारिज कर दी। यह जानकारी डीजीसी क्रिमिनल गुलाब चंद्र अग्रहरि ने दी।

बता दें कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पर चुनाव के हलफनामे में फर्जी डिग्री लगाने का आरोप है। आरोप है कि फर्जी डिग्री के सहारे वह अभी तक पांच चुनाव लड़ चुके हैं। इसी डिग्री के आधार पर उन पर पेट्रोल पंप का लाइसेंस भी हासिल करने का आरोप है। दिवाकर त्रिपाठी ने केशव मौर्य का निर्वाचन पेट्रोल पंप का आवंटन भी निरस्त करने की मांग की थी। एसीजेएम ने इस मामले में जांच का आदेश दिया था। एक सितंबर को न्यायालय ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शनिवार को इस केस में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने अर्जी को खारिज कर दी।

# सीआरपीएफ मेजर का शव शनिवार को पहुंचा घर



सीआरपीएफ जवान का शव पहुंचने पर गांव में लोगों का सैलाब उमडा रहा

अखंड भारत संदेश

**सहायक कमान्डर अनुपम सिंह जवानों के साथ दी अन्तिम सलामी**

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के याकूबपुर गांव के स्वर्गीय बंशीलाल पटेल के पुत्र अशोक कुमार 57 सीआरपीएफ में मेजर के पद पर श्रीनगर लालचौक 82 बटालियन में रहकर देश की सेवा कर रहे थे। बताया जाता है कि 16 अगस्त को ड्यूटी के समय सीआरपीएफ मेजर जवान की तबियत अचानक खराब होती है तो तत्काल सीआरपीएफ के अफसरों द्वारा मेजर अशोक कुमार को अस्पताल में भर्ती कराया जाता है लेकिन दिमाग की की नस फट जाने की वजह से मेजर अशोक की शुक्रवार को मौत हो गयी ।मौत की सूचना अफसरों द्वारा जवान के घर पर दी गयी तो घर मे कोहराम मच गया ।मेजर अशोक कुमार का एक बेटा अनुपम सिंह 20,पूजा 30,प्रीति 22,प्रिया18 पत्नि निर्मला व परिवारजनों को रो रोकर बुरा हाल है मेजर जवान का पार्थिव शरीर शनिवार शाम गांव याकूबपुर आया तो ग्रामीणों और क्षेत्रीय लोगो का मेजर अशोक कुमार केअंतिम संस्कर मे भीड़ उमड़ पड़ी ।सीआरपीएफ के सहायक कमान्डर अनुराग सिंह ने अपने जवानों के साथ राजकीय सम्मान के साथ विदाई दी ।वही सीआरपीएफ मेजर अशोक कुमार का अंतिम संस्कर झूसी के छतनाग घाट पर देर शाम तक कि गयी।

### सांसद रीता जोशी ने यमुनापार क्षेत्र का भ्रमण कर सुनीं समस्याएं

**शंकरगढ़।** सांसद प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी ने शनिवार को विधानसभा मेजा, बारा एवं कोरांव का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम जोरवट खीरी में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। समूह की महिलाओं ने सांसद को बताया कि प्रशिक्षण केंद्र बंद है, जिस कारण बेरोजगारी है। प्रो. जोशी ने तत्काल निदेशक को फोन कर प्रशिक्षण केंद्र शुरू करने के लिए कहा। ग्रामसभा टौंगा में ग्रामीणों ने प्रो. जोशी को अपनी समस्याएं बताईं, जिसमें ग्रामीणों ने कहा कि छुट्टा एवं आवारा पशु फसल नष्ट कर रहे हैं। इस पर सांसद ने ग्रामीणों से कहा कि 13 सितंबर को होनी वाली दिशा की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

ग्रामीणों ने प्रो0 रीता जोशी को बिजली की समस्या से भी अवगत कराया। बताया कि 4-5 घंटे ही बिजली रहती है। इस पर सांसद ने तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर कहा कि व्यवस्था को ठीक किया जाने के लिए कहा। भ्रमण के दौरान रीता जोशी ने मंडल अध्यक्षों से उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

# पति ने स्वयं को गोली मारकर की आत्महत्या

अखंड भारत संदेश

**पत्नी से विवाद के बाद उठाया कदम, परिजनों में कोहराम पुलिस ने शव को भेजा पोस्टमार्टम के लिए**

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के चक तेजऊ जो दीक्षित गांव में शनिवार को पति पत्नी के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। पति तैश में आकर तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के चक तेजऊ दीक्षित गांव निवासी गिरजेश दीक्षित (44) उर्फ बबलू पुत्र बालकृष्ण दीक्षित पांच भाइयों में चौथे नंबर पर थे। जबकि उसके बड़े भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। रक्षाबंधन के दिन उसकी पत्नी पुष्पा दीक्षित अपने मायके गई हुई थी। शनिवार को वह वापस अपने घर पर लौटी और बताया जाता है कि पति व पत्नी के बीच पैसे को लेकर जमकर कहासुनी हो गई और नौबत दोनों के बीच मारपीट तक पहुंच गई। इसी बीच गिरिजेश दीक्षित ने अपने आप को तमंचे से सीने में गोली मार ली। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर घर के अंदर ही जमीन पर लहूलुहान होकर गिर पड़ा। यह देख परिजनों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में उसे एक वाहन में लाद फांद कर जिला अस्पताल इलाज के लिए पहुंचे। जहां डाक्टरों ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिए। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं परिजन शव को लेकर घर चले आए। पत्नी की सूचना पर करछना क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार यादव और नैनी कोतवाली कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह व महिला उपनिरीक्षक शालिनी सिंह नागर समेत दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। बताया जाता है कि गिरिजेश दीक्षित नशे का भी आदी था और वह कुछ लोगों से पैसे भी उधार ले रखा था। जिससे आए दिन पति और पत्नी के बीच पैसे को लेकर विवाद चला आ रहा था। मृतक के तीन लड़कियां और एक लड़का है। हालांकि पुलिस को आला कत्ल बरामद नहीं हो पाया है। वहीं पुलिस पूरे मामले की प्रत्येक बिंदुओं पर जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। नैनी कोतवाली कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक एवं सीनियर सब इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी पुष्पा दीक्षित ने तहरीर देकर बताया है कि उसका पति गुस्से में आकर तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर लिया है।



घटना के बाद पहुंची पुलिस टीम जांच पड़ताल करती।

# वित्तविहीन शिक्षकों ने डीआईओएस कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन

**पांच सूत्रीय मांगो को लेकर दिया ज्ञापन**

अखंड भारत संदेस

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश व्यापी धारना के परिप्रेक्ष्य में जनपद इकाई प्रयागराज द्वारा जिला अध्यक्ष ननकेश बापू के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय प्रयागराज पर अपनी चीर प्रतीक्षित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया 1, सम्मानजनक मानदेय 2 सेवा नियमावली, 3 सुसंगत धारा सेवन 4, में मान्यता परिवर्तन एवं 5,कोरोना में मृत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी तथा 50 लाख रुपए सहायता के साथ अप्रैल 2005 के बाद पुरानी पेंशन बहाली जैसे मुद्दों को लेकर धरना दिया गया ।सभा को संबोधित करते हुए ननकेश बाबू ने कहा कि सरकार ने वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को मिल रहे प्रोत्साहन राशि वापस लेकर उनके बच्चों तथा परिवार को भुखमरी का शिकार बना दिया है। ये विद्यालय बंद होने के कगार पर हैं परंतु सरकार ने जीने व शिक्षा के अधिकार को ही छीन लिया है। मंडल अध्यक्ष अभय राज सिंह ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार आगामी 2022 के चुनाव में शिक्षक सबक सिखाएगा। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष ननकेश बापू ने जिला विद्यालय निरीक्षक को अपना 5 सूत्री ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा उक्त आशय की सूचना संघ के जिला मीडिया प्रभारी जेपी यादव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। प्रतिनिधिमंडल में अभय राज सिंह मंडल अध्यक्ष फूलचंद कनौजिया, सीता शरण सिंह, बाले इंदु गौतम, गोविंद प्रसाद , नवीन शुक्ला, मान सिंह पटेल, बुधराम यादव, कमल सिंह यादव, शिव मूरत पटेल, त्रिभुवान, महेंद्र द्विवेदी, सर्वेश, सी पी मिश्रा, सीबी यादव, अमर बहादुर यादव, इन बहादुर कुशवाहा, कमल चंद यादव, आकाश श्रीवास्तव, रमेश पाल, शेष धर वर्मा, आदि ने दी।



शिक्षक नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

### ट्रक-बोलेरो में टक्कर,तीन लोग हुए घायल

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के संड़वा तिराहे के समीप शनिवार को एक ट्रक व बोलेरो में टक्कर हो गई। जिससे महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार को चालक व खलासी एक ट्रक में गेहूं लादकर नैनी से औद्योगिक क्षेत्र की ओर जा रहे थे। जैसे ही औद्योगिक क्षेत्र स्थित संड़वा तिराहे के समीप पहुंचे चालक से वाहन अनियंत्रित हो गई और वह दूसरी लेन में ट्रक लेकर चला गया। सामने से आ रही बोलेरो में टक्कर मारती हुई सड़क किनारे खड़ी एक अन्य बोलेरो में टक्कर मार दी। जब चालक ट्रक समेत फरार होने लगा तो पास में स्थित एक अस्पताल के समीप खड़ी चार दो पहिया वाहन व तीन साइकिल को क्षतिग्रस्त करते हुए ट्रक को वहीं पर रोककर चालक मौके से फरार हो गया। जबकि स्थानीय लोगों ने खलासी को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर सण्डवा पुलिस चौकी प्रभारी नवीन कुमार सिंह दलबल के साथ पहुंचे और बोलेरो में सवार करछना थाना क्षेत्र के कुरैनी निवासी अनिल पांडेय, रीता देवी व अमित पांडेय को घायल अवस्था में इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया।

# गंगा संरक्षण व आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित हुई गंगा आरती

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** गंगा संरक्षण एवं आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार शाम, नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य गंगा आरती का कार्यक्रम राम चौरा घाट, संगम पर आयोजित किया गया ' कार्यक्रम में जिला गंगा समिति का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने मोक्षदायिनी पावन नदी गंगा के स्वच्छता के प्रति लोगो को संवेदनशील होने का आग्रह किया । उन्होंने मनुष्य की गतिविधियों से पर्यावरण पर हो रहे नुकसान के बारे में विस्तार से समझाया ' साथ ही डीपीओ ने यह भी बताया कि ₹रग-रग में गंगा₹ कार्यक्रम 21 अगस्त 2021 से प्रत्येक शनिवार और रविवार को रात 8:30 बजे दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल पर प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने जनता से इस कार्यक्रम को अवश्य देखने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मौजूद भारतीय वन्यजीव संस्थान से के पी उपाध्याय ने गंगा में पाए जाने वाले जलीय जीव और जैव विविधता के बारे में विस्तार रूप से बताया। और उनके संरक्षण के प्रति लोगों को जिम्मेदार व जागरूक होने के लिए कहा ' कार्यक्रम के अन्त में गंगा स्वच्छता शपथ दिलाई गयी ' गंगा आरती प्रमोद पांडे जी के सहयोग से आयोजित की गयी ' कार्यक्रम मे भारतीय वन्यजीव संस्थान की सामुदायिक अधिकारी हेमा पंत, प्रियंका सिंह , स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राजेंद्र प्रसाद दुकान जी ,गंगा विचार मंच के राजेश शर्मा तथा अनेक गंगा प्रहरी और गंगा दूत उपस्थित रहे।



नेहरू युवा केन्द्र एवं भारतीय वन्य जीव संस्थान प्रयागराज की ओर से गंगा आरती करते

# इफको के जन्माष्टमी महोत्सव में बिखरे लोक संस्कृति के रंग

**भक्तिमय गीतों से कलाकारों ने बांधा समां, मध्यरात्रि तक झूमते रहे भक्त**

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव इफको के घियानागर टाउनशिप में शनिवार को बहुत ही हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। मन्दिर परिसर में मिजार्पुर के कलाकारों द्वारा सजाई गई दिव्य झांकी बहुत ही सुंदर और आकर्षण का केंद्र रही। इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया व विनीता कुदेशिया ने भगवान कृष्ण की महिमा का बखान करते हुए मध्यरात्रि तक महोत्सव में उपस्थित रहकर कृष्ण भक्तों में अपार ऊर्जा भर दी। नतीजतन भक्त भक्तिमय माहौल में देर रात तक झूमते रहे। इकाई प्रमुख ने ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इफको सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन बढ़- चढ़ कर करती है। लगभग दो वर्षों के अन्तराल के बाद यह उत्सव एक नई ऊर्जा का स्रोत रहा। जन्माष्टमी महोत्सव में प्रयागराज से आए कलाकारों ने अपने भक्ति संगीत की प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों की सुंदर प्रस्तुति के चलते भक्ति का समां मध्य रात्रि तक बधा रहा। आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मिश्रा व महामंत्री स्वयं प्रकाश ने इकाई प्रमुख का आभार प्रकट करते हुए कहा कि किसी भी कार्यक्रम में उनकी गरिमामय उपस्थिति इफको परिवार में जोश भरने का काम करती है। ओम कल्याण समिति के उपाध्यक्ष सन्तोष शुक्ला व सचिव रामेश्वर मिश्र के साथ उनकी टीम ने उक्त आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया। जिसकी सभी लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा की। महोत्सव में उपस्थित अन्तः वासियों ने प्रसाद ग्रहण कर खुद को भगवान कृष्ण का कृपा पात्र बनाया। महोत्सव में कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के साथ ही अन्य इफको परिवार मौजूद रहा।



इफको फूलपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया जन्माष्टमी

## मनकामेश्वर मंडल में स्वास्थ्य स्वयं सेवक अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**लालापुर, प्रयागराज।** प्राथमिक विद्यालय लालापुर में शनिवार को मनकामेश्वर मंडल द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक अभियान कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी रहे।श्री त्रिपाठी ने पार्टी कार्यकताओं को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जानकारियों से अवगत कराने के साथ ही उन्हें कोरोना की तीसरी लहर आने पर प्रत्येक बूथ पर महिला एवं पुरुष कार्यकताओं के माध्यम से कोरोना संक्रमितों की निगरानी कर रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश दिये।इस दौरान स्वास्थ्य स्वयं सेवक डॉ. प्रभात शुक्ला ने कार्यकताओं को कोरोना की तीसरी लहर से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि कोरोना एक खतरनाक बीमारी है इससे सावधान रहने की जरूरत है, बिना कारण घर से नहीं निकले, मास्क और सेनेटाइजर का प्रयोग करते रहे सर्दी,खांसी,बुखार आने पर चिकित्सक से परामर्श लें,दो गज की दूरी,मास्क है जरूरी। कार्यक्रम में मनकामेश्वर मंडल अध्यक्ष वंदना सिंह ने कहा कि भाजपा के इस महाअभियान के तहत पार्टी के चार लाख स्वास्थ्य कार्यकर्ता दो लाख गांवों तक पहुंच कर लोगों से संपर्क करेंगे। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिला प्रतिनिधि *शंकर लाल पाण्डेय* (ग्राम प्रधान लालापुर) ने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि देश के अंदर जनसेवा के क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं का लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि इसी जनसेवा के जरिये भारतीय जनता पार्टी आगामी चुनाव में भारी बहुमत से सरकार बनायेगी ।कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री शैलेंद्र पाण्डेय ने किया।इस मौके पर शक्ति केंद्र संयोजक मनोज त्रिपाठी, बूथ अध्यक्ष दीपचंद्र शुक्ला, अरविंद पाण्डेय, प्रशांत त्रिपाठी,शिवपूजन उपाध्याय, डॉ०प्रभात शुक्ला,शेष द्विवेदी, रामू तिवारी,नीरज शुक्ला, होरीलाल केशरवानी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छात्राओं व महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में सब इंस्पेक्टर ने दी जानकारी

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे ₹मिशन शक्ति फेस 3 के तहत महिलाओं/बालिकाओं/ वरिष्ठ महिलाओं/ एकल अभिभावक, महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए नैनी कोतवाली में बतौर महिला सब इंस्पेक्टर पद पर तैनात शालिनी सिंह नागर शनिवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय नैनी, छिवकी में मौजूद छात्राओं व महिलाओं को महिला हेल्प डेस्क, महिला हेल्प लाइन नंबर एवं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जानकारी दी और बताया कि आज की महिलाएं किसी से भी कम नहीं हैं, पुरुषों के साथ कदम दर कदम मिलाते हुए प्रत्येक क्षेत्रों में कार्यों को अंजाम देने में लगी हुई हैं। महिलाओं को जो अधिकार दिए गए हैं उन्हें हर हाल में जानकारी होनी चाहिए। ताकि मुसीबत आने पर उसका लाभ ले सकें। साथ ही महिलाओं के अधिकारों के बारे में भी सविस्तार बताया। इतना ही नहीं महिलाओं व छात्राओं के लिए लागू नए कानून की धाराओं समेत अन्य कई बिंदुओं पर जानकारी दी। जबकि छात्राओं ने बालिका साक्षरता एवं दहेज कुरीतियों पर लघु नाटिका प्रस्तुत कर मौजूद लोगों का मन मोह लिए। वहीं छात्राओं और महिलाओं ने सब इंस्पेक्टर शालिनी सिंह नागर का स्वागतत कर सम्मान किया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या आस्था पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय सहित अभिभावकगण मौजूद रहे।



छात्राओं और महिलाओं को जानकारी देती सब इंस्पेक्टर शालिनी सिंह नागर

# लोक अदालत के सम्बंध में लोगों को किया गया जागरूक

## 11 सितम्बर को लगेगी लोक अदालत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** 11 सितंबर 2021 को लोक अदालत आयोजित किए जाने के संदर्भ में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पट्टी तहसील में इस के संदर्भ में जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से उप जिलाधिकारी पट्टी तहसीलदार नायब तहसीलदार सहित अधिवक्ता गण वह अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। लोगों को संबोधित करते हुए एसडीएम पट्टी धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य के लोगों को सुलह समझौते के आधार पर मामले का निस्तारण करना है तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा त्वरित, सस्ता, सुलभ, न्याय प्रत्येक भारतीय का नैतिक अधिकार है। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन तहसील न्यायालय से लेकर जनपद न्यायालय तक किया जा रहा है, किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किए जाने हेतु आवेदन पत्र देकर अंतिम आदेश व निर्णय प्राप्त कर सदैव के लिए लंबित मामले से छुटकारा पाने का स्वर्णिम अवसर है। इस अवसर पर पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित है। इस अवसर पर विनोद कुमार सिंह पैनल अधिवक्ता इंद्र प्रसाद तिवारी, आसाराम, हरिलाल, महेंद्र पांडे, पूनम सिंह, चाहत सरोज, ममता वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# गंगा भारत की जीव रेखा : रामाशीष

## सई नदी पट पर हुई गंगा आरती

**अखंड भारत संदेश**





**प्रतापगढ़।** गंगा समग्र के जिला कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष के मार्गदर्शन में हुई। रामाशीष ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए नदियों में मिल रहे नाले पर एसटीपी लगाने की बात की।

उन्होंने कहा कि गंगा भारत की जीवन रेखा हैं। सहायक नदियां एक बड़े भूभाग के लिए वरदान हैं। उनका संरक्षण और वंदन हमारा कर्तव्य है। प्रांतीय संगठन मंत्री अम्बरीष ने सईनदी के दोनों किनारों पर पीपल बरगद के वृक्षों को लगाने का सुझाव दिया। गंगा समग्र के जिला संयोजक प्रभात मिश्र ने कहा कि जिलाधिकारी से मिलकर बेल्हा के पर्यावरण को साफ सुथरा एवं सुरक्षित बनाने का प्रयास किया जाएगा। विभाग प्रचारक प्रतोष ने संगठन के कार्य की महत्ता पर प्रकाश डाला। जिला कार्यवाह डॉक्टर सौरभ पांडेय ने पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में क्षेत्र संयोजक चिंतामणि, जिला संरक्षक डॉ राकेश सिंह के साथ ही जिला कार्यकारिणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान माँ बेल्हा देवी धाम पर सई नदी के पावन तट पर भव्य गंगा आरती हुई। आरती में डॉ0 राकेश सिंह, अशोक शर्मा, मुरलीधर केशरवानी, नितेश खंडेलवाल, डॉ श्रद्धा सिंह, ओम प्रकाश त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# आओ बनिए गुरसिक्ख टीवी शो में जिले की मंजीत कौर को मिली हॉट सीट

## सिक्ख समाज व परिवार में खुशी का माहौल

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** आओ बनिए गुर सिक्ख प्यारा क्विज शो रविवार सुबह साढे दस बजे चरदीकला टाइम टीवी पर प्रसारित होने वाला विश्व के प्रसिद्ध क्विज शो की हॉट सीट के लिए मंजीत कौर का चयन हुआ है, जिसके लिए कई चरणों मे इंटरव्यू व परीक्षा देकर हॉट सीट पर पहुँची। हॉट सीट पर प्रश्नों के उत्तर सिक्ख इतिहास, सिक्खों की उपलब्धियां, गुरबाणी की जानकारी से जुड़ी हुई हैं, यह प्रोग्राम कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर पांच सितम्बर 2021 को जनपद के पंजाबी कालोनी की मंजीत कौर पत्नी सरदार गुरजीत सिंह उर्फ विशु व स्वर्गीय सरदार भूपेन्द्र सिंह पप्पू की बहू हैं। इस प्रोग्राम में प्रश्नो का उत्तर देती नजर आएंगी। आओ बनिये गुरसिक्ख प्यारा टीम व गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के उपाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह गोंबिन्द प्रतापगढ़ के क्वाडीनेटर द्वारा जूम मीटिंग के जरिये मंजीत कौर इस बड़े स्टेज तक पहुँची।

# राष्ट्रवादी सोच से चलती है भाजपा : स्वतंत्र देव

## अफीम कोठी सभागार में हुई कार्यकर्ता बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अफीम कोठी सभागार में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी अपने बूथ सत्यापन पर संतुष्ट हों वह अपना हाथ उठाएं जिस पर सभी ने अपना हाथ उठाकर अभिवादन किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन किया गया। इस दौरान विधायक रानीगंज धीरज ओझा ने प्रदेश अध्यक्ष को बुके देकर स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता के द्वारा सरकार का निर्माण होता है और निर्माण के उपरांत राष्ट्रवादी सोच से यह दल चलता है। जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र ने कहा कि हम लोगों के द्वारा पूर्व में किए गए कार्य बूथ सत्यापन एवं पन्ना प्रमुख बनाने का कार्य चल रहा है। इसी के निमित्त आज यह बैठक रखी हुई है। नागेंद्र रघुवंशी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता बूथ सत्यापन अधिकारी बूथ को सर्व स्पर्शी सर्वग्राही बूथ बनाने का काम करें क्योंकि आपके काम से ही आगामी चुनाव में सात की सातों विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी जीतेगी।

कैबिनेट मोती सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा कही गई बातों को कार्यकर्ताओं से पालन करने को कहा तथा कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की। इस मौके पर अंशुमान सिंह, विजय मिश्र, जगत पासी, कालाकांकर के युवराज भुवन्यू सिंह, रामजी मिश्र, आशीष श्रीवास्तव, अभिषेक बैश्य, अभय प्रताप सिंह, नितिन केसरवानी, पवन गौतम, गिरधारी सिंह, ओम प्रकाश, महावीर बाल, विजय तिवारी, लवली मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

# मतदाता सूची में युवाओं का नाम करें शामिलः छविनाथ

## सपा कार्यालय पर कार्यवर्ताओं की मासिक बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक जिला अध्यक्ष छविनाथ यादव की अध्यक्षता व जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी के संचालन में हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष छविनाथ यादव ने कहा कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता जो जनवरी में 18 साल पूर्ण करने वाले युवक युवतियों के नाम मतदाता सूची में शामिल करवाएं और अभी बूथ प्रभारी सेक्टर प्रभारी अपने विधानसभा अध्यक्ष को बढोत्तरी के लिए दिए गए नामो की लिस्ट उपलब्ध करवाए।

बैठक में 13 सितम्बर को होने वाली समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज की जनादेश यात्रा, 21 सितम्बर को प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की नौजवान किसान पटेल यात्रा व 26 सितम्बर को समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष किरनमय नंदा के कार्यक्रमो पर भी चर्चा की गई। इस दौरान गुलफाम खां, अहमद अली, राघवेंद्र चौहान, संतोष यादव, राहुल सिंह, शकील अहमद, शांति सिंह, महिमा गुप्ता, सुषमा पाल, शहर आलम शिबू, इरशाद सिद्दीकी ,बृजेश यादव, आशुतोष पांडे, अश्वनी सोनी, मनीष पाल, इरफान खान, मीडिया प्रभारी वकार अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# सीबीएससी परीक्षाः हाईस्कूल विज्ञान में 35 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

## 15 सितम्बर तक चलेगी हाईस्कूल-इंटर की परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** नगर में कटरा रोड स्थित न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में गत 25 अगस्त से हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के असंतुष्ट छात्र-छात्राओं की परीक्षा सुचारु रुप से रही है। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा ने बताया कि हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं 15 सितम्बर को समाप्त होंगी।

शनिवार को हाईस्कूल विज्ञान की परीक्षा थी जिसमें 228 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। 193 छात्र-छात्राओं ने शनिवार को हाईस्कूल विज्ञान की परीक्षा दी। परीक्षार्थियों में उत्साह था। कोरोना से बचाव के लिये परीक्षार्थी मास्क लगाकर आए थे। स्कूल के प्रधानाचार्य वी0के0 सोनी ने बताया कि कोरोना की वजह से गत वर्ष परीक्षा नहीं कराई गई थी।

कालेज स्तर से असेस्मेंट करके भेज दिया गया था जिसके आधार पर परीक्षाफल घोषित हुआ था। इसमें कुछ मेधावी छात्र असंतुष्ट थे, जिनकी आपत्ति के आधार पर सीबीएसई बोर्ड ने हाईस्कूल इंटर की पुनः परीक्षा कराने का निर्णय लिया था। 25 अगस्त से शुरु परीक्षाएं 15 सितम्बर को समाप्त हो जाएंगी।

# शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण त्वरित गति से हो 5 मण्डलायुक्त

## रानीगंज सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 236 शिकायतें 03 शिकायतों का हुआ निस्तारण



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ।** सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त प्रयागराज संजय गोयल की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील रानीगंज में आयोजित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त प्रयागराज सहित जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शत्रोहन वैश्य द्वारा क्रमबद्ध तरीके से फरियादियों की शिकायतों को सुना गया।

रानीगंज सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 236 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से तीन शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कुल प्राप्त 236 शिकायतों में से 65 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 119, विकास विभाग से 25, शिक्षा से एक, स्वास्थ्य से एक एवं 25 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त प्रयागराज के समक्ष शिकायतकर्ता दिलीप कुमार निवासी ग्राम शाहपुर ने शिकायत किया कि ग्राम शाहपुर गाटा संख्या 430/1646 राजस्व अभिलेखों में खेल के मैदान के रूप में अंकित है उसी भूमि पर गांव के ही कुछ लोग दबंगई के बल पर कब्जा करके पूर्ण रूप से अतिक्रमण कर लिया है और इस प्रकरण पर दूसरे क्षेत्र के आर0आई0 ने गलत रिपोर्ट लगा दी थी जिस पर नोडल अधिकारी ने संज्ञान में लेते हुये इसके जांच कराने के निर्देश दिये और कहा कि जांच कराकर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ निलम्बन की कार्यवाही की जाये।

### 95 मामलों में मौके पर हुआ 7 का निस्तारण

पट्टी, प्रतापगढ़। शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन पट्टी तहसील में किया गया जिसमें कुल 97 मामले आए जिसका जिसमें सात का त्वरित निस्तारण किया गया । राजस्व के कुल 42 पुलिस विभाग के 23 विकास संबंधी मामलों के 12 अन्य 18 मामले आए । अध्यक्षता एसडीएम पट्टी धीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया मुख्य रूप से तहसीलदार पट्टी श्रद्धा पांडे नायब तहसीलदार राज कपूर तहसील के लेखपाल व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# शहीद वीर बहादुर सिंह को जिलाध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने बिहार ब्लॉक के गरीब पुरवां निवासी 30 वर्षीय वीर बहादुर सिंह की जम्मू में ड्यूटी के दौरान शहीद हो जाने पर शोक व्यक्त करते हुए उनके पैतृक निवास पर पहुच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री त्रिपाठी ने शहीद के परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी शहीद के परिवार के साथ खड़ी है। जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी के साथ डॉ0 बी0 के0 सिंह, वेदांत तिवारी, दिलीप गौतम, बीना रानी, मोहन लाल, मेराज अंसारी, गोविंद सरोज, मुन्नालाल यादव ने भी शहीद को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# एडीओ पंचायत ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत आलापुर व भद्दिव में शनिवार को ग्रामीणों की शिकायत पर एडीओ पंचायत संतोष कुमार शुक्ला ने स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कर्मियों की टीम भेज कर नालियों के घास फूस की साफ सफाई कराया और मौके पर जाकर खुद निरीक्षण किया। एडीओ पंचायत के द्वारा कराए गए साफ-सफाई की आस पास के लोग सराहना करते दिखाई दिए। एडीओ पँचायत ने बताया कि जो भी गांव में गंदगी की शिकायत मिलती है वहां तत्काल सफाई कर्मियों की टीम भेजकर साफ सफाई कराया जाएगा और खुद जाकर निरीक्षण करूंगा।

# बिना गुरु के ज्ञान की प्राप्ति असंभवः डा0 चंद्र प्रकाश

## पीबीपीजी कालेज में हुआ निबंध लेखन प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी में शिक्षक दिवस के पूर्व कार्य दिवस पर सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में जीवन में गुरु का महत्व विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डा0 बृजभानु सिंह की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि के रुप में पीजी कालेज सांगीपुर के प्राचार्य डा0 चंद्र प्रकाश ने कहा कि प्राचीन काल से ही गुरु की महिमा का वर्णन ब्रम्हा, विष्णु, महेश के रुप में किया गया है। बिना गुरु के ज्ञान की प्राप्ति असंभव है। प्राचार्य डा0 बृजभानु सिंह ने कहा कि शिक्षक की महत्ता का वर्णन शब्दों में किया जाना संभव नहीं है। शिक्षक की बालक के समरस विकास की वह धुरी है जो बालक के अंदर सन्हित ज्ञान का प्रस्फुटन करने के साथ-साथ सार्वभौमिकता भी बनाता है।

इस अवसर पर डा0 उपेन्द्र कुमार सिंह, डा0 राजीव सिंह, निहारिका श्रीवास्तव, महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डा0 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, डा0 शिव प्रताप सिंह, प्रणव ओझा, डा0 वंदना सिंह, तकनीकी सहायक संदीप कुमार मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# न्याय के लिये भटक रही युवती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** न्याय की फरियाद लेकर युवती अफसरों की चौखट के चक्कर काट रही। युवती से शादी का झांसा देकर साल भर से उसका यौन शोषण किया गया। उसके बाद युवक ने उसके साथ शादी करने से इंकार कर दिया। अब युवती न्याय के लिये दर-दर की ठोंकरे खा रही है। मामला रानीगंज थाना इलाके का है। युवती को युवक अब ब्लैकमेल करके जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।

# कहासुनी और मारपीट के बाद लगाया रुपया हड़पने का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी प्रतापगढ़।** टाइनी शाखा संचालक पर खाताधारकों ने रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत पीड़ितों ने कंधई पुलिस से की, जिस पर पुलिस जांच कर रही है। कंधई थाना क्षेत्र के दीवानगंज निवासी राजू माली फूल का व्यवसाई है। वह नरसिंहपुर गांव के पास स्टेट बैंक के टाइनी शाखा संचालक को दस हजार रुपया भेजने के लिये दिया, किन्तु शाम तक जब पैसा नहीं पहुंचा तो वह टाइनी संचालक के पास गया। जिसके बाद दोनों में कहासुनी होने लगी। आरोप है कि उक्त शाखा संचालक क्षेत्र के आशीष पाल, राजन माली, अमित कुमार, रीता पाल, सतीश कुमार से भी रुपये लेने के बाद संबंधित खातों में पैसा नहीं भेजा, जिसके बाद पीड़ितों ने शाखा पर आकर हंगामा किया। पीड़ित खाताधारकों ने मामले की शिकायत दीवानगंज पुलिस चौकी से की है। दीवानगंज चौकी प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि टाइनी शाखा संचालक पर रुपया हड़पने का आरोप कई खाताधारकों ने लगाया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता दिखाएं अधिकारी : आर्यका अखौरी

## समाधान दिवस पर आईं 98 शिकायतें, चार मामलों का मौके पर ही करवाया गया निस्तारण



**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** समस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने आज संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों की

### समाधान दिवस पर फरियादियों की भीड़ देख जिलाधिकारी ने मातहतों अफसरों को दी हिदायत

सुनवाई की। उन्होंने मातहत अफसरों से कहा कि वह शिकायतों का निस्तारण समयसीमा में किया जाए। निस्तारण के वक्त प्रार्थी का भी पक्ष सुना जाए।तहसील मुख्यालय ज्ञानपुर में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी के साथ एसपी रामबदन सिंह, सीडीओ भानु प्रताप सिंह और एसडीएम ज्ञानपुर ने भी शिकायतें सुनीं।

आज कुल 98 लोगों ने प्रार्थनापत्र दिया, जिसमें से चार मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायती पत्र प्राप्त होते ही कार्रवाई अमल में लाई जाए, ताकि तत्समय ही मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। समाधानध्तहसील दिवस में शिकायतों की भरमार देख उन्होंने कहा कि यदि सभी विभाग जनता की शिकायतों का निस्तारण समय से, गुणवत्तापूर्ण करें तो समाधान दिवस पर लोगों को भागदौड़ न करनी पड़े।

### पात्रों तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभ

जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए और पात्र को उस योजना से अवश्य जोड़ा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारीगण संवेदनशील होकर शिकायतें सुनें और शिकायतकर्ता को भी मौके पर बुला लें और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना सुनिश्चित करें। निस्तारण की क्रास चेकिंग करवाई जाए। शिकायतों को लंबित रखना ठीक नहीं है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राम बदन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी भानू प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, उपजिलाधिकारी ज्ञानपुर, तहसीलदार ज्ञानपुर, समस्त थानाध्यक्ष जनपद स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# नियमित दिनचर्या, साफ-सफाई से कंट्रोल होगा बुखार

## बुखार होने पर घबराने की जरूरत नहीं : डा. अमित

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में फैला बुखार न तो मलेरिया है और न ही डेंगू। यह कोरोना की तीसरी लहर भी नहीं है। यह वायरस बैक्टीरिया का संक्रमण है। जो सही समय पर इलाज शुरू हो जाने पर ठीक हो जा रहा है। यह कहना है अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित का।

डॉ अमित ने बताया कि जिले में फैले बुखार में मरीज को वही सारी दिक्कतें हो रही हैं, जो एक वायरल बुखार में होती हैं। समय पर जांच और इलाज की प्रक्रिया शुरू हो जाने पर यह बुखार बहुत काम समय में ठीक भी हो जा रहा है। इसलिए घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि सामान्यतरू वायरस दो प्रकार के होते हैं। एक कोल्ड वायरस और दूसरा हॉट वायरस। डॉ अमित ने बताया कि इस मौसम में संक्रामक बीमारियां बढ़ती हैं। इस बुखार का वायरस एक रिसपाइरेट्री वायरस है। यदि कोविड प्रोटोकाल का सही से पालन करें तो इस तरह के बीमरियों को रोकने में सफल हो सकते हैं। इसलिए सावधान रहें और बहुत आवश्यक स्थिति में ही बाहर निकलें।

### सीएचसी या पीएचसी में करवाएं जांच

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार चक ने बताया बुखार, कमजोरी जैसी शरीर में कोई भी समस्या आने पर एकदम नहीं घबराएं। जिले के किसी भी पीएचसी या सीएचसी से परामर्श लेकर निरूशुल्क जांच और इलाज कराएं। जिले में वर्तमान में 16 पीएचसी या 05 सीएचसी और 02 जिला स्तर पर चिकित्सालय हैं। विभाग पूरी तरह अलर्ट है। आवश्यकता पडने पर पीकू और नीकू वार्ड का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। बताया कि इसके लक्षण बुखार, सिरदर्द, जोड़ों में दर्द, कंधे जाम हो जाना, अत्यधिक कमजोरी और शरीर में पानी की कमी होना है। उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में एस्प्रिन, डिस्प्रिन, आइब्रूप्रोफेन, डिकलोफेनक, एसीक्लोफेने, निमुसिलाइड व कार्टीसोन या स्टीरायड आदि दवाएं न लें।

### बुखार हो जाएं तो यह करें

क्वारंटीन रहें ताकि संक्रमण दूसरों तक नहीं फैले
विभिन्न तरीकों से शरीर में पानी की मात्रा बढ़ाएं
ओआरएस घोल की सही मात्रा तैयार कर पीयें
रसदार फल, नारियल पानी, सूप का सेवन करें
अधिक से अधिक समय आराम करें

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**घोसिया।** कृषि विज्ञान केंद्र बेजवा के सभागार में महिलाओं के लिए संतुलित आहार की उपयोगिता के विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संचालन में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष डॉ विश्वेंन्दु द्विवेदी ने महिलाओं को शरीर को स्वस्थ्य रहने में आहार की विशेष भूमिका का वर्णन करते हुए पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य सेवन करने की सलाह दी। इस दौरान गृह विज्ञान विशेषज्ञ डॉ रेखा सिंह ने ग्रामीण महिलाओं को संतुलित आहार की श्रेणी और उनमें विद्यमान पोषक तत्वों के विषय में विस्तार से बताया। डॉ सिंह ने विभिन्न खाद्य समूहों अनाजों, दालो, दुग्ध एवं मांसजन्य उत्पाद, वसायुक्त पदार्थ , फल एवं सब्जियों द्वारा प्राप्त होने वाले विभिन्न पौष्टिक तत्वों के बारे में महिलाओं को परिचित कराया, साथ हीं साथ बच्चों को पौष्टिक आहार की उपलब्धता पर जोर दिया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न गांवों से लगभग दर्जनों महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

# बेबिनार के माध्यम छात्राओं के स्वास्थ्य वर्धन व पोषण की दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**घोसियां।** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई में बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति तृतीय चरण के अंतर्गत शनिवार को ऑनलाइन लैंगिक समानता एवं छात्राओं के स्वास्थ्य वर्धन व पोषण हेतु जागरूकता विषय पर वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. आकृति मिश्रा असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ फूड एंड न्यूट्रिशन श्री अग्रसेन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय वाराणसी थीं। उक्त वेबिनार में 70 से अधिक छात्राओं ने बढ़ चढ़कर ऑनलाइन अपनी हिस्सेदारी की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी का स्वागत करते हुए मिशन शक्ति के संयोजक अनुज कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश में 01 से 7 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह एवं सितंबर के सम्पूर्ण माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में सरकार द्वारा मनाया जा रहा है। अतः हम सभी को लैंगिक समानता के लक्ष्य को चुनौतीपूर्वक स्वीकार करते हुए छात्राओं को अपने स्वास्थ्य वर्धन एवं पोषण हेतु प्रारम्भ से ही जागरूक व सजग होना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ. आकृति मिश्रा ने अपने ऑनलाइन उद्बोधन में छात्राओं को सर्वप्रथम स्वस्थ सुरक्षित व स्वावलंबी बनने के उपायों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपना माइंड सेट बदलना होगा, उन्होंने माइंडफुल ईटिंग हैबिट्स एवं संतुलित आहार के विभिन्न तत्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि हमें प्रारंभिक काल से ही स्मार्ट व संतुलित तरीके से आहार लेना चाहिए। उन्होंने स्थानीय व देशज भोजन को अपने आहार में विशेष महत्व देने की बात की। उन्होंने कहा कि रक्तल्पता एनीमिया की समस्या खासकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं व बालिकाओं की एक बहुत बड़ी समस्या है। ग्रामीण छात्राओं व महिलाओं में हीमोग्लोबिन अपने सामान्य स्तर से कम पाया जाता है, जिससे उनमें खून की कमी, कमजोरी एवं अन्य कई तरह की बीमारियां बचपन से ही हो जाती हैं।

# एक करोड़ की शराब लेकर जा रहे थे बिहार, एसटीएफ व गोपीगंज पुलिस ने दो तस्करों को दबोचा

### ककराही रेलवे क्रासिंग के पास से की गई गिरफ्तारी

**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** शराब की तस्करी पर अंकुश लगाने की नीयत से चलाए जा रहे अभियान के दौरान आज एसटीएफ ने एक करोड़ कीमत की शराब बरामद की है। यह बरामदगी गोपीगंज पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने की है। पुलिस टीम ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है।

शराब तस्करों की तलाश में लगी पुलिस टीम ककराही रेलवे क्रासिंग के पास डटी थी। इसी दौरान एक मिनी ट्रक पकड़ा गया,



जिस पर अवैध शराब ट्रांसपोर्ट की जा रही थी। उक्त मामले की जानकारी देते हुए एसपी रामबदन सिंह ने बताया कि गिरफ्त में आए तस्कर युद्धकी (मोहाली, पंजाब) और मनप्रीत सिंह (जीरखपुर, मोहाली, पंजाब) मिनी ट्रक पर शराब लादकर उत्तराखंड से बिहार जा रहे थे। पूछताछ के दौरान शराब तस्करों ने बताया शराब को बिहार में बेचकर अच्छा पैसा कमा लेते हैं। पकड़े गये अभियुक्तों के कब्जे से 5985 लीटर अवैध शराब बरामद हुई है। ट्रक में 170 पेटी में 750 एमएल की कुल 2040 बोतल और 495 पेटी 375 एमएल की 11880 शीशी बरामद हुई है। इसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपये बताई जा रही है।

गिरफ्तारी व बरामदी करने वाली टीम में उप निरीक्षक रणेंद्र कुमार सिंह एसटीएफ प्रयागराज, गोपीगंज प्रभारी निरीक्षक केके सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, अभिषेक मिश्र, कमल कुमार राव, किशन चंद, दिलीप सिंह, प्रशांत पांडेय, प्रमोद पासवान, अनुराधा वर्मा, पूजा राजा आदि शामिल रहीं।

# विकास कार्यों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं : मंडलायुक्त

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** जनपद के नोडल अधिकारी/कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र ने आज भदोही का दौरा किया। इसी क्रम में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि शासन की प्राथमिकताओं एवं विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों से संबंधित अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्थलीय निरीक्षण के दौरान विकास एवं निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया



शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

कि स्वास्थ्य विभाग सतर्कता बरतने के साथ ही मरीजों के साथ मधुर व्यवहार करते हुए अपने अपने दायित्वों को निभाएं। उन्होंने पंचायती राज विभाग को जनपद में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। नोडल अधिकारी योगेश्वरराम मिश्र ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया की शासन द्वारा कोविड-19 का टीकाकरण का लक्ष्य दिया गया है, उसे पूरा कर सेकेंड डोज लगवाना सुनिश्चित कराएं। इस समय दूसरे देशों में डेंगू का प्रकोप बहुत ही तेजी से फैल रही है। नोडल अधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को पूरी बांह (फुल स्लीव) का शर्ट पहनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जनपद के बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के परिसर एवं शौचालयों के साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए।

डेंगू, मलेरिया पर रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। जलजमाव वाले स्थानों पर दवाओं का छिडकाव किया जाए। इसके लिए आमजनमानस को जागरुक किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी सरकारी भवन या उसके आस-पास पानी का अनावश्यक जमाव न रहे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग तथा नगर पालिका के अधिकारी नियमित जांच करते रहें। कहा कि आबादी वाले इलाकों में झाडियों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, निकाय के प्रत्येक वार्ड की गलियों, नालियों, मुख्य मार्गों पर नियमित साफ-सफाई, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन एवं सेनेटाइजेशन, फॉगिंग की जाए, साथ ही एंटी लार्वा, ब्लीचिंग पाउडर, मेलवियान डस्क का नियमित रूप से छिडकाव करवाया जाए।

### आरओ मशीन बाहर लगवाने का निर्देश

आयुक्त विंध्याचल मंडल मिर्जापुर योगेश्वरराम मिश्र ने घर-घर नल योजना की जानकारी ली और कहा कि सभी घरों को पानी प्रतिदिन समय से मिले। आयुक्त विंध्याचल मंडल योगेश्वर राम मिश्र ने विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण कर विकास खंड अधिकारी को निर्देश दिया कि कार्यालय का साफ-सफाई समुचित ढंग से कराएं। उन्होंने आरओ मशीन अंदर लगी होने पर नाराजगी जताई और उसे बाहर लगवाने का निर्देश दिया। नोडल अधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया की शासन द्वारा निर्धारित विद्युत आपूर्ति कराए। बैठक में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, एसपी राम बदन सिंह, सीडीओ भानू प्रताप सिंह, जेडीसी सुरेशचंद्र मिश्र, एडीएम शैलेन्द्र कुमार मिश्र, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी प्रवीण मालवीय, चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक पर मिला हाईस्कूल की छात्रा का शव, स्कूल में पड़ा था बैग

## क्लास में बैग छोडकर गई थी बाहर, मामला संदिग्ध

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज।** स्कूल गई हाईस्कूल की छात्रा का शव आज रेलवे ट्रैक पर पाया गया। सूचना पर पहुंची ने मौका मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर चीरघर भेजा। छानबीन में छात्रा का बैग स्कूल में पाया गया। यह मामला आज पूर्वाह्न दस बजे का है। छात्रा विद्यालय से निकलकर रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंची, इस सवाल पर अभी संशय बना हुआ है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।यह मामला गोपीगज थाना क्षेत्र के छतमी गांव का है। पुलिस के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के छमती गांव निवासी राकेश बाजपेयी की 15 वर्षीय पुत्री आर्या बाजपेयी हाईस्कूल की छात्रा थी। गांव के ही दूसरे छोर पर स्थित एक प्राइवेट स्कूल में वह पढ़ती थी। रोज की तरह आज भी वह स्कूल गई थी। स्कूल जाने के बाद वह अपनी कक्षा में भी गई थी।बताया जाता है कि तकरीबन दस बजे यह सूचना मिली कि आर्या का शव कुछ दूर स्थित रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। श्रीराम गर्ल्स इंटर कॉलेज छतमी के प्रबंधक पवन कुमार पांडेय ने बताया कि छात्रा करीब 9.10 बजे स्कूल आई थी। अपनी कक्षा में बैग रखकर निकल गई थी। जब कक्षा में शिक्षक पहुंचे तो केवल उसका बैग ही था। उसके बारे में पता लगाया जा रहा था। तभी सूचना मिली कि रेलवे ट्रैक पर शव कटा पड़ा है। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# डीसीएम की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चौरी/भदोही।** स्थानीय बाजार में भदोही-वाराणसी मार्ग पर डीसीएम की चपेट में आने से साइकिल सवार अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार जिले के कपसेठी थाना क्षेत्र के नेवादा निवासी कृपाशंकर दुबे (58) भदोही स्थित एक कालीन कंपनी में वाचमैन का काम कर रहा था।

शनिवार को प्रातरू साढ़े पांच बजे ड्यूटी करके वापस घर जा रहा था कि चौरी बाजार में सामने से आ रहे डीसीएम ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर चोट लगने से कृपाशंकर दुबे की मौत हो गई।प्रत्यक्षदर्शियोंके मुताबिक मृतक की साइकिल डीसीएम में फंस गई और तकरीबन डेढ़ किलोमीटर तक घिसटती रही। डीसीएम चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर थानाध्यक्ष रामदरश व चौकी इंचार्ज दया शंकर ओझा पहुंच गये। शवको चीरघर भेज दिया गया है।

### घर में घुसकर पति-पत्नी व पड़ोसी को मारकर किया घायल

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज।** कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के होलपुर ग्राम में शनिवार को एक पटिदार दबंग द्वारा घर में घुसकर पत्नी पति और पड़ोसी किशोर को गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया हैं। जिसकी शिकायत लेकर परिजन कोतवाली पहुंच कर पुलिस अधीक्षक रामबदन सिंह से शिकायत की।

पुलिस अधीक्षक ने तत्काल क्षेत्राधिकारी को मौके पर जाकर गिरफ्तारी का आदेश दिया।घटना के संबंध में भुक्तभोगी लवकुश सिंह ने बताया कि मेरे पड़ोसी द्वारा घर में घुसकर मेरी पत्नी रुचि सिंह को गालियां देते हुए मारने लगा पत्नी की शोर पर जब मैं बाहर निकला तो मुझे भी बुरी तरह से मारकर घायल किया साथ ही पड़ोस के एक किशोर को भी मारकर गंभीर रूप से घायल किया। जिसकी शिकायत कोतवाली पर मौजूद पुलिस अधीक्षक से की। त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्राधिकारी को मौके पर भेजकर गिरफ्तारी का आदेश दिया।

# शिक्षक सम्मेलन के बहाने 'पूर्वांचल' की सियासी जमीन को साधेंगे अखिलेश यादव

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शिक्षक दिवस यानी पांच सितम्बर को भदोही आ रहे है। यहां वह एक शिक्षक सम्मेलन में शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ जनसभा को भी संबोधित करेंगे। दरअसल शिक्षक सम्मेलन और सम्मान तो एक बहाना है। जमीनी हकीकत यह है कि पूर्व मुख्यमंत्री इसी बहाने पूर्वांचल के प्रबुद्ध वर्ग को साधने आ रहे हैं। निश्चित रूप से अगर प्रबुद्ध वर्ग उनके साथ जुड़ता है तो उन्हें एक मजबूत जमीन मिल जाएगी। क्योंकि आगामी विधानसभा में उनका सीधा मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और हिंदुत्व के फायर ब्रांड नेता मुख्यमंत्री योगी

### भदोही में शिक्षक दिवस पांच सितंबर को आएंगे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, शिक्षक सम्मेलन में शिक्षकों का करेंगे सम्मान, मूर्ति का करेंगे अनावरण



आदित्यनाथ से है।पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव इस रैली के बहाने पूर्वांचल के प्रबुद्ध वर्ग को साधने का मन बनाया है। क्योंकि शिक्षक सबसे प्रबुद्ध और समाज का आईना होता है। अखिलेश यादव यह सोचते होंगे कि पूर्वांचल में शिक्षकों का अगर एक बड़ा वर्ग समाजवादी पार्टी से जुड़ता है तो इसका सीधा लाभ आगामी विधानसभा चुनाव में होगा। क्योंकि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक और प्रबुद्ध वर्ग माना जाता है। इनारगांव के एक कालेज में शिक्षकों सम्मानित करने के साथ दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट के पूर्व कुलपति डा. वीराम पांडेय की धर्मपत्नी दिवंगत विमला देवी की प्रतिमा का भी अनावरण करेंगे। इसी बहाने वह ब्राह्मणों को भी साधने का काम करेंगे।

शिक्षक दिवस के बहाने अखिलेश यादव पूर्वांचल की राजनीति को भी साधने का काम करेंगे। अखिलेश यादव की यह रैली मिर्जापुर मंडल के भदोही जनपद के इनारगांव में आयोजित हो रही है। मिर्जापुर में तीन जनपद मिर्जापुर, सोनभद्र और भदोही है। इसके साथ ही पूर्वांचल के वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, मऊ, आजमगढ़, बलिया और चंदौली जैसे जनपदों से भी काफी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता यहां आएंगे। समाजवादी पार्टी की तरफ से प्रदेश भर के शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। इस लिहाज से काफी तादात में समाजवादी विचारधारा से जुड़े शिक्षक के यहां आ सकते हैं।उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बाहुबली विधायक विजय मिश्र कि विधानसभा ज्ञानपुर में शिक्षकों का सम्मान करेंगे। अखिलेश यादव उस समय भदोही आ रहे हैं जब उनके कभी बेहद करीबी रहे विजय मिश्र भूमि और संपत के अन्य मामलों में जेल में बंद है। काफी अर्से से अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी से उनके रिश्ते खत्म हो गए हैं।

# प्रमोद भगत ने बैडमिंटन में रचा इतिहास, भारत को मिला चौथा गोल्ड मेडल



## शटलर प्रमोद भगत व मनोज सरकार को पदक जीतने पर पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने टोक्यो पैरालिंपिक में शानदार प्रदर्शन किया है। शनिवार को शटलर प्रमोद भगत ने भारत को गोल्ड दिलाया, तो वहीं मनोज सरकार ने ब्रांज दिलाया। इसके साथ जारी खेलों में भारत की झोली में कुल 17 पदक आ गए हैं। दोनों खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री मोदी ने बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रमोद भगत को बधाई देते हुए कहा, 'प्रमोद भगत ने पूरे देश का दिल जीत लिया है। वह एक चैंपियन हैं, जिनकी सफलता लाखों लोगों को प्रेरित करेगी। उन्होंने अद्भुत दृढ़ संकल्प दिखाया। उन्हें बैडमिंटन में गोल्ड जीतने के लिए बधाई। उन्हें उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। बता दें कि प्रमोद भगत ने शनिवार को यहां योयोगी नेशनल स्टेडियम में पुरुष एकल एसएल3 फाइनल मैच में ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जापान की राजधानी टोक्यो में चल रहे पैरालिंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। शनिवार को भारत की झोली में एक और गोल्ड मेडल आया। प्रमोद भगत ने पुरुषों की एकल बैडमिंटन एथ3 स्पर्धा के फाइनल में ब्रिटेन के डेनियन बेथल को 2-0 से हराया। जारी खेलों मे यह भारत का चौथा गोल्ड है। इसके भारत के नाम अबतक 16 पदक हो गए हैं। भारत को शनिवार को बैटमिंटन टीम ने शानदार कामयाबी दिलाई। प्रमोद भगत, सुहास एल यथिराज और कृष्णा नागर ने अपने अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह पक्की की। भगत ने टोक्यो पैरालिंपिक में बैडमिंटन में भारत को पहला पदक दिलाया। इससे पहले भगत ने शनिवार को टोक्यो पैरालिंपिक के पुरुष एकल एथ3 सेमीफाइनल में जापान के डाइसुके फुजीहारा को 21-11, 21-16 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

फाइनल में भगत ने बेथेल को सीधे सेटों में 21-14 और 21-17 से 45 मिनट में हरा दिया। टोक्यो पैरालिंपिक में बैडमिंटन में यह भारत का पहला पदक है। पहले सेट के शुरुआती मिनटों में दोनों खिलाड़ियों में काफी टक्कर देखने को मिली। 3-5 से पीछे चल रहे प्रमोद ने मैच में वापसी की। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने मिड गेम इंटरवल में 11-8 की बढ़त बना ली। भगत ने इस गेम में अपनी लय जारी रखी और पहला गेम 21-14 से जीत लिया। बेथेल ने दूसरे गेम में भगत को कड़ी टक्कर दी। मिड गेम इंटरवल में ब्रिटेन के खिलाड़ी के पास 11-4 की बढ़त थी, लेकिन जल्द ही भगत ने मैच में वापसी की और 15-15 से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद प्रमोद ने दबदबा बनाए रखा और दूसरा गेम को 21-11 से जीता और गोल्ड मेडल अपने नाम किया।



## निशानेबाजी में डबल धमाल, 19 साल के मनीष नरवाल ने गोल्ड तो सिंहराज ने सिल्वर पर साधा निशाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पैरालिंपिक टीम ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए पिछले सारे रिकार्ड तोड़ डाले हैं। शनिवार को भारतीय टीम ने दो और पदक भारत की झोली में डाले। निशानेबाजी में मनीष नरवाल ने गोल्ड तो वहीं इसी इवेंट में सिंहराज आधना सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया।

इसी के साथ भारत के पदकों की संख्या अब 15 हो गई है। भारत के लिए शनिवार का दिन शानदार साबित हो रहा है। पहले बैटमिंटन में दो भारतीय खिलाड़ियों ने फाइनल में जगह पक्की की और इसके ठीक बाद निशानेबाजी में दो पदक मिले। भारत के 19 साल के निशानाबाज मनीष ने 50मीटर मिक्सड पिस्टल एसएच 1 इवेंट में गोल्ड मेडल पर निशाना साधा। वहीं सिंहराज दूसरे स्थान पर रहे और सिल्वर मेडल पक्का किया। फाइनल में मनीष ने 218 का स्कोर हासिल कर नया वर्ल्ड रिकार्ड बनाया। यह अब तक का उनका शानदार प्रदर्शन रहा जिसने भारत को तीसरा गोल्ड मेडल दिलाया।

भारत के दो खिलाड़ियों ने इस इवेंट में मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाया। पोडियम पर दोनों भारतीय खड़े थे और तिरंगा लहरा रहा था। शनिवार को भारत के लिए इस पैरालिंपिक में यह शानदार पल महज 19 साल के पैरानिशानेबाज मनीष ने हासिल किया।

## निशानेबाज अवनि लेखरा होंगी समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक



**टोक्यो, (एजेंसी)।** निशानेबाज अवनि लेखरा रविवार को यहां टोक्यो पैरालिंपिक के समापन समारोह के दौरान देश के दल की ध्वजवाहक होंगी। 19 वर्षीय लेखरा ने शुक्रवार को 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन एसएच1 कांस्य पदक जीतने से पहले सोमवार को आर-2 महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय पैरालंपिक समिति (इण्घ्) के एक अधिकारी ने कहा कि अवनी ध्वजवाहक होंगी और इस समारोह में भारत की ओर से 11 लोग भाग लेंगे। 2012 में अवनि एक कार दुर्घटना का शिकार हो गई थीं। इसके बाद उन्हें व्हीलचेयर का सहारा लेना पड़ा, क्योंकि उनके पैर हिल डुल नहीं पाते थे, लेकिन इस हादसे से भी लेखरा का हौसला नहीं डिगा। इसका प्रमाण उन्होंने एक पैरालिंपिक में दो पदक हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट दिया। लेखारा से पहले, जोगिंदर सिंह सोढ़ी ने 1984 पैरालिंपिक में एक रजत और दो कांस्य पदक जीते थे। एक अन्य निशानेबाज सिंहराज अधाना शनिवार को इस एक्सक्लूसिव क्लब में शामिल हो गए, जब उन्होंने 50 मीटर पिस्टल इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। इससे पहले मंगलवार को उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।गौरतलब है कि शाट-पुटर टेक चंद 24 अगस्त को पैरालिंपिक के उद्घाटन समारोह के लिए भारत के ध्वजवाहक थे। उन्होंने आखिरी समय में हाई जम्पर मरियप्पन थंगावेलु की जगह ली थी। टोक्यो खेलों में रजत पदक जीतने वाले मरियप्पन को विमान में एक कोरोना संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क में आने के बाद आइसोलेट होना पड़ा था।

# पदकों और करोड़ों के इनाम में ओलंपियनों पर भारी भारतीय पैरालिंपिक खिलाड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मंजिल भी उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। इन पंक्तियों को पूरी तरह चरितार्थ कर रहे हैं हरियाणा के जांबाज पैरालिंपिक खिलाड़ी, जिन्होंने पदक और करोड़ों रुपये के इनाम जीतने के मामले में ओलिंपिक खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है।


टोक्यो पैरालिंपिक खेलों में धमाल मचा रहे हरियाणा के खिलाड़ी अभी तक 27 करोड़ 10 लाख रुपये के नकद इनाम के हकदार बन चुके हैं। वहीं, टोक्यो ओलिंपिक में 32 खिलाड़ियों को 23 करोड़ रुपये मिले हैं। पैरालिंपिक निशानेबाज सिंहराज ने इनामी राशि के मामले में स्वर्ण पदक विजेताओं को भी पछाड़ दिया है,




जिन्होंने 50 मीटर पिस्टल मिक्स्ड एसएच-1 स्पर्धा में रजत और 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच-1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। रजत पदक के लिए चार करोड़ रुपये और कांस्य के लिए ढाई करोड़ रुपये मिलेंगे। इस तरह प्रदेश सरकार सिंहराज को साढ़े छह करोड़ रुपये देगी, जबकि स्वर्ण पदक विजेताओं को छह करोड़ रुपये मिलेंगे।

पैरालिंपिक में हरियाणा के कुल 19 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें से पांच खिलाड़ियों ने छह मेडल जीते हैं। पदक जीतने वाले इन खिलाड़ियों को कुल 25 करोड़ रुपये का इनाम मिलेगा। स्वर्ण पदक विजेता मनीष नरवाल और सुमित अंतिल को छह-छह करोड़ रुपये, रजत पदक विजेता योगेश कथूनिया को चार करोड़ रुपये तथा रजत के साथ ही कांस्य पदक जीतने वाले सिंहराज को साढ़े छह करोड़ रुपये मिलेंगे। हरविंदर सिंह को कांस्य पदक के लिए ढाई करोड़ रुपये मिलेंगे। सभी को प्रथम श्रेणी की नौकरी भी मिलेगी। इसके अलावा पैरालिंपिक में शामिल 14 खिलाडियों को 15-15 लाख रुपये के हिसाब से कुल दो करोड़ 10 लाख रुपए दिए जाएंगे। टोक्यो ओलिंपिक में खेले हरियाणा के खिलाड़ियों को 23 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। भाला फेंक में स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा को छह करोड़ रुपये, रजत पदक विजेता पहलवान रवि दहिया को चार करोड़ तथा बजरंग पूनिया को ढाई करोड़ रुपये मिले हैं। कांस्य पदक जीतने वाली हाकी टीम के सदस्य सुमित और सुरेंद्र को ढाई-ढाई करोड़ रुपये मिले, जबकि महिला हाकी टीम की सदस्य रही नौ लड़कियों को 50-50 लाख रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा ओलिंपिक में भागदीरी करने वाली सीमा बिसला, सोनम मलिक, अंशु मलिक, विनेश फोगाट, यशस्विनी देशवाल, संजीव राजपूत, मनु भाकर, अभिषेक वर्मा, सुमित नागल, दीक्षा डागर, मनीष कौशिक, अमित पंघाल, विकास कृष्ण, सीमा पूनिया, संदीप व राहुल को 15-15 लाख रुपये मिले हैं। हरियाणा के खेल मंत्री ने कहा कि, ओलिंपिक और पैरालिंपिक में हरियाणा के खिलाड़ियों की उपलब्धि पर पूरा देश गर्व कर रहा है। हम पैरालिंपिक खिलाड़ियों को भी सामान्य खिलाड़ियों के समान पुरस्कार, सरकारी नौकरी और अन्य सुविधाएं दे रहे हैं।

# सिंहराज आधना ने हासिल किया सिल्वर मेडल



**टोक्यो, (एजेंसी)।** भारतीय पैरा निशानेबाज मनीष नरवाल ने पैरालिंपिक खेलों में विश्व रिकार्ड बनाते हुए भारत की झोली में तीसरा स्वर्ण पदक डाला। मनीष के साथ-साथ पी4 मिक्स्ड 50 मीटर पिस्टल एसएच 1 स्पर्धा का रजत पदक लकी हैट पहने हुए सिंहराज आधना ने अपने नाम किया। जिससे एक ही स्पर्धा में दो पदक भारत के नाम रहे। रजत पदक जीतने के बाद आधना ने बताया कि यह मेरी पत्नी ने मुझे तोहफे में दी थी और मेरे लिए लकी है। इस वर्ग में विश्व रिकार्डधारी 19 वर्षीय नरवाल ने पैरालिंपिक रिकार्ड बनाते हुए 218.2 स्कोर करके अपने पहले ही खेलों में सोने का तमगा जीता। हरियाणा के बल्लभगढ़ से आने वाले नरवाल का दायां हाथ जन्म से ही खराब था। इस कारण उनका परिवार 2016 में उन्हें पास की एक निशानेबाजी रेंज में ले गया और वह तुरंत इस खेल की ओर आकाषत हो गए। वह नियमित अभ्यास करते रहे लेकिन उस समय उन्हें पैरालिंपिक खेलों के बारे में नहीं पता था। तभी कोच जयप्रकाश नौटियाल ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्होंने 2017 बैंकाक विश्व कप में पी1 एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में व्यक्तिगत वर्ग का स्वर्ण जीता। जिसके बाद मनीष ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा पर और निरंतर आगे बढ़ते चले गए। निशानेबाज सिंहराज आधना ने पहले ही पी1 पुरुषों की एस मीटर एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में कांस्य जीत चुके थे। इसके बाद उन्होंने 216.7 के स्कोर के साथ पी4 मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच 1 स्पर्धा का रजत पदक भी हासिल किया।

इस तरह एक ही पैरालिंपिक खेलों के एक ही चरण में दो या उससे अधिक पदक जीतने वाले आधना दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले जोगिंदर सिंह बेदी ने 1984 पैरालिंपिक खेलों के एक ही चरण में तीन पदक गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का फेंक स्पर्धाओं में जीते थे। तिरंगा फहराने का सपना पूरा हुआ : आधना के पैर का निचला हिस्सा पोलियो के कारण विकृत हो गया था। उनका मानना है कि अपनी स्पर्धा में भारतीय ध्वज को सबसे ऊंचा फहराते देखने का उनका सपना पूरा हो गया है। आधना ने कहा, च्जब मैंने राष्ट्रगान के साथ अपने झंडे को फहराते देखा तो मुझे बहुत खुशी हुई। मैं अपने कांस्य और रजत पदक के लिए टोक्यो पैरालिंपिक को हमेशा याद रखूंगा। मैंने हमेशा भारत के झंडे को सबसे ऊंचा फहराते हुए देखने का सपना देखा था, वह सपना आज पूरा हो गया है। मुझे सबका आशीर्वाद और प्यार याद रहेगा। मेरे कोचों और सहयोगी कर्मचारियों को बहुत-बहुत धन्यवाद।

## नोएडा के डीएम सुहास एल यथिराज पहुंचे फाइनल में, गोल्ड मेडल पर नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित पैरालिंपिक में भारतीय दल का शानदार खेल जारी है। भारत अब तक यहां 15 पदक पक्के कर चुका है। शनिवार को प्रमोद भगत और सुहास एल यथिराज ने अपने अपने बैडमिंटन सेमीफाइनल मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई और भारत का दो पदक और पक्का कर दिया। अब यह दोनों ही खिलाड़ी गोल्ड मेडल जीतने के लिए कोर्ट में उतरेंगे।शनिवार को भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मेंस सिंगल्स एथ्4 ग्रुप मुकाबले में सुहास ने 2-0 से जीत हासिल कर फाइनल में कदम रखा। इंडोनेशिया के खिलाड़ी सेतियावान फ्रेडी के खिलाफ सीधे गेम में जीत हासिल कर गोल्ड मेडल की तरफ कदम बढ़ाया। सुहास ने पहला गेम 21-9 के स्कोर के साथ आसानी से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे गेम में इंडोनेशियन खिलाड़ी ने थोड़ी टक्कर दी लेकिन मुकाबला 21-15 गंवा बैठे। भारतीय खिलाड़ियों ने पैरालिंपिक में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। साल 1968 में पहली बार पैरालिंपिक में भाग लेने वाले भारत ने मौजूदा आयोजन से पहले तक कुल 12 पदक जीते थे और इस बाद एक ही आयोजन में उसने 13 पदक जीतकर ऐतिहासिक सफलता हासिल कर ली है।



## रोहित शर्मा ने छक्का लगाकर जड़ी सेंचुरी, ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच में भारतीय टीम की स्थिति मजबूत होती जा रही है। ओवल टेस्ट की पहली पारी में भारत ने इंग्लिश गेंदबाजों के आगे घुटने टेक दिए थे। भारत की पहली पारी 191 रनों पर ही सिमट गई थी। जवाब में इंग्लैंड 290 रन ही बना सका। दूसरी पारी में भारत ने इंग्लैंड के गेंदबाजों पर धावा बोला और जमकर रन बनाए। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने इस दौरे का अपना पहला सैकड़ा जड़ दिया। इसी के साथ एक खास रिकॉर्ड भी उनके नाम हो गया है। इससे पहले लॉर्ड्स टेस्ट में भी रोहित अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन वे 83 रन पर आउट हो गए। रोहित शर्मा पर इस दौरे से पहले कई तरह के सवाल उठ रहे थे कि टेस्ट में रोहित विदेशों में खुद को साबित कर सकते हैं। लेकिन भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे इस सीरीज में रोहित अच्छे लय में नजर आए हैं। इस मैच में शतक लगाने के बाद हिटमैन के नाम एक खास रिकॉर्ड उनके नाम




हो गया है। ओवल टेस्ट में शतक लगाने के बाद रोहित सलामी बल्लेबाज के रूप में इंग्लैड में तीनों प्रारूपों में शतक लगाने वाले पहले मेहमान खिलाड़ी बन गए हैं। रोहित ने 2018 के इंग्लैंड दौरे पर ट्रेंट ब्रिज के मैदान पर वनडे मैच में शतक लगाते हुए नाबाद 137 रन बनाए थे। भारत ये मैच जीता था। वहीं 2018 के दौरे पर ही तीसरे टी-20 मुकाबले में ब्रिस्टल के मैदान पर नाबाद 100 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई थी।

## केएल राहुल को आउट देने पर हुआ विवाद, सोशल मीडिया में फैंस ने थर्ड अंपायर पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की दूसरी पारी में केएल राहुल और रोहित शर्मा ने ठोस शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 83 रन की पार्टनरशिप हुई। इस जोड़ी को इंग्लैंड के सीनियर गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने तोड़ा। जेम्स एंडरसन ने 34वें ओवर में केएल राहुल को 46 रन के स्कोर पर आउट किया। जेम्स एंडरसन की गेंद पर राहुल का विकेट के पीछे जॉनी बेयरेस्टो ने कैच लिया। अंपायर ने इंग्लैंड की खिलाड़ियों की अपील पर उन्हें नॉटआउट करार दिया था। इसके बाद इंग्लैंड ने रिव्यू लिया और थर्ड अंपायर ने उन्हें आउट करार दिया। इससे केएल राहुल नाखुश दिखे।

केएल राहुल के आउट देने से भारतीय फैंस नाराज दिखे और उन्होंने सोशल मीडिया में इसे लेकर अपनी प्रतिक्रियाएं दी। फैंस ने थर्ड अंपायर को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया और आउट देने पर सवाल उठाए। 34




वें ओवर की आखिरी गेंद पर जेम्स एंडरसन की गेंद को केएल राहुल ने गेंद को खेलने की कोशिश की। इसके बाद इंग्लैंड ने उनके खिलाफ तेज अपील की लेकिन फील्ड अंपायर ने राहुल को नॉट आउट करार दिया। इसके बाद इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने तुरंत डीआरएस लिया।तीसरे अंपायर ने स्निको मीटर की हेल्प ली और उसमें दिखा कि गेंद जब बल्ले के पास से गुजरी तो स्निको मीटर की रेखाओं में हरकत हुई है। इसके बाद थर्ड अंपायर ने तुरंत राहुल को आउट दे दिया। फैंस का मानना है कि बैट उनके पिछले पैड पर लगा है और गेंद और बल्ले का कोई संपर्क नहीं हुआ। कमेंट्री कर रहे पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर भी इससे नाराज दिखे और उन्होंने तीसरे अंपायर के फैसले पर आपत्ति जाहिर की। खबर लिखे जाने तक भारत ने दूसरी पारी में 43 ओवर में एक विकेट खोकर 110 रन बना लिए हैं। भारत 11 रन से आगे है।

## जेईई व अन्य प्रवेश परीक्षाओं की जांच सुप्रीम कोर्ट के जज की निगरानी में हो : कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) में कथित धांधली के एक हालिया प्रकरण का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में इस परीक्षा और पिछले सात वर्षों के दौरान हुई अन्य प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं की जांच कराई जाए। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इस तरह के मामलों पर पर्दा डालती है। उन्होंने ट्वीट किया, ''जेईई (मुख्य) परीक्षा में सेंध लगी है।

छात्र ऐसी परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत करते हैं और कई परेशानियों का सामना करते हैं। एक राष्ट्र के तौर पर यह हमारी जिम्मेदारी हैं कि साफ-सुधरी परीक्षा हो। भारत सरकार ऐसे मामलों पर पर्दा डालने में आगे है। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने यह भी कहा कि 'युवाओं



के भविष्य से खिलवाड़ के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय जवाबदेह हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''भाजपा की सरकारों में पेपर लीक होना पुरानी बात है। यह सिलिसला व्यापमं से शुरू हुआ था और अब जेईई तक पहुंच गया है। देश के भविष्य और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। 'पेपर लीक सरकार को युवाओं को जवाब देना होगा क्योंकि युवाओं की सीट बेची जा रही है।

वल्लभ के मुताबिक, ''हरियाणा के सोनीपत शहर से जेईई (मुख्य) परीक्षा का पेपर लीक किये जाने का मामला सामने आया है। वहां कंप्यूटर में रिमोट एक्सेस के जरिये सवालों को कोई दूसरा हल कर रहा था। यह कक्षा 12वीं के बाद सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा है, लेकिन 70 साल में पहली बार इसमें भी धांधली हुई है।

उन्होंने जोर देकर कहा, ''एनटीए का गठन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा किया गया था। हम शिक्षा मंत्री और एनटीए को सीधे जवाबदेह मानते हैं। वल्लभ ने कहा, ''हमारी मांग है कि उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की अगुवाई में समिति बने और पिछले सात वर्षों में हुईं प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं की जांच हो। यह पता लगाया जाए कि इन मामलों में कौन लोग शामिल थे। गौरतलब है कि सीबीआई ने कहा है कि उसने नोएडा के एक निजी संस्थान के दो निदेशकों समेत सात लोगों को जेईई मेन्स परीक्षा, 2021 में कथित धांधली के सिलसिले में गिरफ्तार किया है।

## डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने मांगा सेंटर ऑफ एक्सिलेंस का प्रस्ताव, बोले-तीन महीने में पूरी करें प्रमोशन प्रक्रिया

**वाराणसी (एजेंसी)।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने शनिवार को सर्किट हाउस में जिले के शिक्षा विभाग के अफसरों और कुलपतियों के साथ बैठक की। उन्होंने डीआईओएस को कहा कि नकल विहीन बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी अभी से शुरू कर दें। काशी विद्यापीठ और संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपतियों से उन्होंने डिजिटिलाइजेशन, नई नियुक्तियों और कर्मचारी कल्याण के संबंध में बात की। बैठक में दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपति के अलावा रजिस्ट्रार व वित्त विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रमोशन की गति धीमी है। शिक्षण व शिक्षणेतर स्टाफ के प्रमोशन की लंबित प्रक्रिया तीन से चार महीने में पूरा कर लें।

## बुखार का कहरः सीएमओ के पैरों में गिर गया बुजुर्ग, बोला-हमारे गांव के बच्चों को बचा लो

**मथुरा (एजेंसी)।** यूपी में इन दिनों बुखार के कहर से कई बच्चों की जान चली गई हैं। इसका सबसे ज्यादा प्रकोप फिरोजाबाद जिले में देखने को मिला है। मथुरा में भी कई बच्चों की बुखार से मौत हुई है। हर व्यक्ति अपने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर काफी डरा हुआ महसूस कर रहा है। मथुरा के कोह गांव में बुखार से हो रहीं मौत से गांव के लोग घबराये हुए हैं। बहुत से लोग तो घर छोड़कर रिश्तेदारियों में चले गए हैं। गांव में सीएमओ के पहुंचने पर एक बुजुर्ग उनके पैरों में पड़ गया और बच्चों की जान बचाने की गुहार लगाने लगा। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। आपको बता दें कि फरह के गांव कोह में अब तक 11 बच्चों की मौत हो चुकी है। गांव में बड़ी संख्या में लोग बीमार हैं। कुछ मथुरा के अस्पतालों में तो कुछ आगरा में इलाज करा रहे हैं। गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम डेरा डाले हुए है।




दो दिन पूर्व सीएमओ डॉ. रचना गुप्ता जब टीम के साथ गांव पहुंचीं तो गांव के बुजुर्ग किशन सिंह ने रोते हुए सिर उनके पैरों में रख दिया और बच्चों की जान की भीख मांगने लगे। सीएमओ ने उनसे पैर न छूने को कहते हुए ढांढ़स बंधाया।

रोते हुए किशन सिंह ने कहा कि हमारी कोई गलती हो तो बताओ, आप नहीं बताएंगी तो कौन बताएगा। उन्होंने बिलखते हुए कहा कि कैसे भी करके उनके गांव के बच्चों को बचा लो। उनका नाती मर गया। गांव के तमाम बच्चे अस्पतालों में भर्ती हैं। गांव की महिलाएं भर्ती हैं। एक-एक करके उनकी आंखों के सामने उनके नौनिहाल बुखार के कारण जान गंवा रहे हैं। पूरा गांव त्राहि-त्राहि कर रहा है। यह देखकर वहां मौजूद सभी अधिकारी व ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं। सीएमओ ने ग्रामीणों से कहा कि आपके बच्चे कहां-कहां भर्ती हैं, इसकी लिस्ट बनाकर दो, हम दिखवाते हैं।

## आजादी के 100वें साल से पहले ओलंपिक खेलों का आयोजन करना दिल्ली सरकार का विजन : सिसोदिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया (ईहेग्प् एग्र्द्गि) ने कहा कि दिल्ली सरकार का विजन देश की आजादी की 100वीं वर्षगांठ से पहले राजधानी में ओलंपिक खेलों (ध्त्न्र्ज्म् ईंसे) का आयोजन करना है।



सिसोदिया ने यह टिप्पणी शुक्रवार को दिल्ली खेल विश्वविद्यालय (अत्प्् एज्दूे ळहग्नेग्रूब्) के प्रबंधन बोर्ड की पहली बैठक में की। उन्होंने कहा कि दिल्ली खेल विश्वविद्यालय खेलों को लेकर ऐसा माहौल बनाएगा कि देश का हर व्यक्ति खेल को शिक्षा का क्षेत्र मानेगा। हमारा विजन देश की आजादी के 100वें वर्ष में जाने से पहले दिल्ली में ओलंपिक खेलों का आयोजन करना है और दिल्ली खेल विश्वविद्यालय इस विजन को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा।सिसोदिया ने कहा कि इस विश्वविद्यालय को शुरू करने का हमारा उद्देश्य खेलों को शिक्षा का दर्जा देना है। हमारे खिलाड़ी बहुत मेहनत करते हैं, लेकिन खेल में उनकी मेहनत को पढ़ाई के सामने शून्य माना जाता है। हमारे देश में कोई भी स्कूल या विश्वविद्यालय खेल को शिक्षा नहीं मानता है, लेकिन इस विश्वविद्यालय में ऐसा नहीं होगा। डीएसयू में खिलाड़ियों का खेल उनकी शिक्षा होगी। डीएसयू पूरे भारत में ऐसा माहौल बनाएगा कि हर व्यक्ति कह सके कि खेलना भी एक तरह की पढ़ाई है। दिल्ली खेल विश्वविद्यालय की कुलपति कर्णम मल्लेश्वरी ने कहा कि देश में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।

## 24 घंटे पानी देने की दिल्ली सरकार की योजना हो गई फेल? 8 साल बाद भी महज 5 फीसदी घरों में आपूर्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार की ओर से मालवीय नगर और वसंत विहार इलाके में 24 घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शुरू किए गए पायलट प्रोजेक्ट के 8 साल बीतने के बाद भी इन दोनों क्षेत्रों के मात्र 5 प्रतिशत घरों में ही इसका लाभ पहुंच सका है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई।

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने जनवरी 2013 में निजी कंपनियों के साथ साझेदारी में परियोजना शुरू की थी। अधिकारियों ने बताया कि काम पूरा करने की समय सीमा दिसंबर 2014 थी। मालवीय नगर में 50,000 और वसंत विहार में 8,000 घर हैं। आंकड़ों के मुताबिक, लगभग साढ़े आठ साल बीतने के बाद मालवीय नगर के केवल नवजीवन विहार और गीतांजलि एंक्लेव के मात्र 783 घरों को इस परियोजना का लाभ मिला है। इसके अलावा वसंत विहार के वेस्ट एंड कॉलोनी, आनंद निकेतन और शांति निकेतन के 2,156 घरों को ही इसका लाभ मिल पाया है।

अधिकारियों ने बताया कि समूचे परियोजना क्षेत्र को 2ं47 जलापूर्ति करने के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। एक अधिकारी ने कहा कि ज्यादातर जगहों पर पानी की आपूर्ति के लिए बुनियादी ढांचा



तैयार है, लेकिन सभी को देने के लिए और पानी की आवश्यकता है। दिल्ली में हर घर में औसतन चार घंटे पानी आता है।

राजधानी में प्रतिदिन 1140 एमजीडी पानी की जरूरत है, जबकि दिल्ली जल बोर्ड 935 एमजीडी की आपूर्ति ही करता है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि डीजेबी कई जल परियोजनाओं पर एक साथ काम कर रहा है और आने वाले सालों में इसके नतीजे देखने को मिलेंगे। डीजेबी की योजना पल्ला में उच्च गुणवत्ता वाले उपचारित अपशिष्ट को निकालने और आगे के उपचार के लिए वजीराबाद में उठाने की है। भारत में अपनी तरह की यह पहली परियोजना दिसंबर 2024 तक अतिरिक्त 95 एमजीडी पानी देगी। दिसंबर 2022 तक राजधानी को हिमाचल प्रदेश से 50 एमजीडी और पानी मिलेगा। अगले साल अक्टूबर तक, उपयोगिता मॉनसून के मौसम में अतिरिक्त पानी को बनाए रखने के लिए यमुना बाढ़ के मैदानों में बनाए गए जलाशयों से 25 एमजीडी निकालना शुरू कर देगी। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ में रोटा जैसे उच्च जलस्तर वाले क्षेत्रों से लगभग 200 एमजीडी भूजल निकाला जाएगा। अनुमान के मुताबिक, मार्च 2025 तक दिल्लीवालों की मांग को पूरा करने के लिए 1,305 एमजीडी पानी उपलब्ध होगा। एक अधिकारी ने बताया कि चल रही जल वृद्धि परियोजनाएं अगले तीन वर्षों में चरणों में समाप्त हो जाएंगी। 2ं47 जलापूर्ति के लिए बुनियादी ढांचा भी उस समय तक तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार के तहत परियोजनाओं में तेजी लाई गई है। इस मोर्चे पर पहले बहुत कुछ नहीं किया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट का नया रिकॉर्ड, कॉलेजियम ने की 12 एचसी में जजों की नियुक्ति के लिए 68 नामों की सिफारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) एन वी रमना की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने देश के 12 उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए 44 अधिवक्ताओं और 24 न्यायिक अधिकारियों सहित रिकॉर्ड 68 नामों की सिफारिश की है। तीन सदस्यीय कॉलेजियम, जिसमें न्यायमूर्ति यू यू ललित और न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर शामिल हैं, ने 25 अगस्त और 1 सितंबर को



हुई अपनी बैठकों में उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के रूप में पदोन्नति के लिए 112 उम्मीदवारों पर विचार किया। उन्होंने कहा, ठ12 उच्च न्यायालयों के लिए स्वीकृत 68 लोगों में से 44 बार से और 24 न्यायिक सेवा से हैं।यह सिफारिश ऐसे समय में आई है जब उच्च न्यायालय न्यायाधीशों की गंभीर कमी का सामना कर रहे हैं। केंद्र द्वारा मंजूरी मिलने पर 68 न्यायाधीशों की नियुक्ति इलाहाबाद, राजस्थान, कलकत्ता, झारखंड, जम्मू और कश्मीर, मद्रास, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, पंजाब और हरियाणा, केरल, छत्तीसगढ़ और असम के उच्च न्यायालयों में की जाएगी। कॉलेजियम ने विभिन्न उच्च न्यायालयों में जज बनने के लिए 10 महिला उम्मीदवारों की सिफारिश की है। उनमें से, मार्ली वानकुंग मिजोरम की पहली महिला न्यायिक अधिकारी हैं, जिनका नाम पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार गौहाटी उच्च न्यायालय में न्याय के लिए केंद्र भेजा गया है।

## विकास दुबे केस पर सतीश मिश्र का तंज, बोले- कानपुर में गाड़ी पलटाकर मार दिए गए ब्राह्मण

**कानपुर (एजेंसी)।** बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र ने कहा कि प्रदेश सरकार की ब्राह्मण और महिला विरोधी कानून व्यवस्था से जनमानस कराह रहा है। वर्ष 2006 की तरह हालात बदतर हैं और कानपुर की सड़कें गड्ढे में हैं। ब्राह्मण-दलित भाईचारे से बसपा की सरकार बननी तय है। उन्होंने कहा, प्रदेश में 16 फीसदी ब्राह्मण हैं और 25 फीसदी दलित। वहीं, अल्पसंख्यक और पिछड़े व्यवस्था बदलने के लिए पर्याप्त हैं। बसपा को 41 फीसदी वोट मिलने का मतलब पांचवीं बार प्रदेश की कमान मायावती के हाथों में होगी। आरोप लगाया कि भाजपा प्रदेश के लोगों की आस्था से खिलवाड़ कर रही है। बसपा की सरकार बनी तो चंदा वसूली का हिसाब लेंगे। शनिवार को न्यू शिवली रोड पर पार्टी के प्रबुद्ध सम्मेलन में सतीश मिश्र ने आरोप लगाया कि प्रदेश में आसीन भाजपा सरकार ब्राह्मण विरोधी है। क्रांतिकारियों की धरती कानपुर में बिकरू कांड के बाद गाड़ी पलटा-पलटाकर ब्राह्मण मार डाले गए। 50 को जेल में डाला जा चुका है। दो दिन की शादीशुदा खुशी दुबे को जेल में डाल दिया गया, जबकि



उसके हाथों की मेहंदी भी नहीं छूटी थी। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बनने के पहले दिन से ही ब्राह्मणों पर अत्याचार शुरू हो गए थे।सतीश मिश्र ने कहा कि वर्ष 1993 से अब तक भाजपा ने राममंदिर के नाम पर अरबों का चंदा वसूला। वसूली भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों से भी की गई। अगले साल बसपा सरकार बनती है तो एक-एक पाई का हिसाब लेंगे। कहा, भाजपा कभी नहीं चाहती थी कि मंदिर बने। बसपा महासचिव ने पनकी मंदिर, बिठूर लवकुश आश्रम, वाराणसी, मथुरा, वृंदावन, चित्रकूट के बहाने सरकार को घेरा। आरोप लगाया कि अयोध्या में विकास के नाम पर करोड़ों खर्च किए पर वहां पर विकास नहीं बल्कि विनाश का माहौल है। पर्यटक स्थल के नाम पर आस्था केंद्रों में तोड़फोड़ की जा रही हैं। वाराणसी में गंगा के चंद्राकार रूप को खत्म कर दिया गया है। बोले-पनकी मंदिर में उनकी सरकार रहते कायाकल्प कराया गया था।

## 'तालिबान ने भारत की चिंताएं दूर करने के लिए दिए प्रैक्टिकल व्यू के संकेत'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका, अफगानिस्तान में पाकिस्तान के कदमों पर करीबी नजर रख रहे हैं। श्रृंगला ने कहा कि भारत की तालिबान के साथ सीमित बातचीत रही है, अफगानिस्तान के नए शासकों ने संकेत दिया है कि वे भारत की चिंताओं को दूर करने के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएंगे। विदेश सचिव ने वाशिंगटन की अपनी तीन दिवसीय यात्रा समाप्त होने पर भारतीय पत्रकारों के एक समूह से कहा, ''जाहिर तौर पर हमारी तरह वे भी करीब से नजर रख रहे हैं और हमें बारीकी से पाकिस्तान के कदमों पर नजर रखनी होगी। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में किस प्रकार के हालात बनते हैं, इस संदर्भ में अमेरिका इंतजार करो और देखो की नीति अपनाएगा। भारत की भी यही नीति है।उन्होंने कहा, ''इसका यह मतलब नहीं है कि आप कुछ नहीं करो। इसका मतलब है कि आपको करना होगा.... जमीन पर हालात बहुत नाजुक है और आपको देखना होगा कि यह कैसे बदलते हैं। आपको यह देखना होगा कि सार्वजनिक रूप से दिए गए आश्वासनों पर वाकई में अमल हुआ अथवा नहीं, और चीजें किस प्रकार से काम कर रही हैं। विदेश सचिव ने कहा, ''उनके साथ (तालिबान) हमारी बातचीत बहुत सीमित रही है। ऐसा नहीं है कि हमारी कोई ठोस बातचीत हुई है। लेकिन अभी तक जो भी बातचीत हुई है उसमें कम से कम तालिबान यह संकेत



देते दिखाई दिया है कि वे इससे निपटने में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएंगे।

वह कतर में भारत के राजदूत की तालिबान के एक वरिष्ठ नेता के साथ हाल में हुई बैठक के बारे में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, '' हमने उन्हें बताया कि हम चाहते हैं कि उनके क्षेत्र से हमारे या अन्य देशों के खिलाफ कोई आतंकवादी खतरा पैदा न हो, हम चाहते हैं कि वे महिलाओं, अल्पसंख्यकों के प्रति संवेदनशील रहे। मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी तरफ से आश्वस्त किया है। उन्होंने अफगानिस्तान में स्थिति के तेजी से बदलने का जिक्र करते हुए कहा कि भारत और अमेरिका दोनों उस पर करीबी नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा, ''15 अगस्त को देखिए कि ऐसी स्थिति थी जिसमें अफगान राष्ट्रपति अशरफ गनी अचानक देश से चले गए। तालिबान आ गया। हालात इतनी तेजी से बदल रहे हैं कि इस समय किसी भी चीज पर टिप्पणी करना मुश्किल है। श्रृंगला ने कहा कि अफगानिस्तान में स्थिति पर अमेरिका करीबी नजर रख रहा है। उन्होंने कहा, ''वे जाहिर तौर पर देखेंगे कि अफगानिस्तान के हालात में अलग-अगल तत्व क्या भूमिका निभाते हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान का पड़ोसी है। उन्होंने तालिबान का समर्थन किया और उसे संरक्षण दिया। वहां कई ऐसे तत्व हैं जिनका पाकिस्तान समर्थन करता है।

## तालिबान के कब्जे के बाद अफगान-पाक सीमा पर बढ़े हमले, रिपोर्ट में दावा; लापता पाकिस्तानी पत्रकार का भी सुराग नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद पाकिस्तान की खुशी जगजाहिर है। लेकिन बड़ी हैरत की बात है कि तालिबान की जीत के जश्न में चूर पाकिस्तान अपनी सीमा पर बढ़ते हमलों को नजरअंदाज कर रहा है। दरअसल हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हाल के दिनों में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर पाकिस्तान के सुरक्षा पोस्टों पर हमले अचानक काफी बढ़ गए हैं। पाकिस्तान लगातार यह दावे कर रहा है कि पाक-अफगान सीमा पूरी तरह से सुरक्षित है, लेकिन स्थानीय मीडिया में यह कहा जा रहा है कि सीमा पर अस्थिरता बनी हुई है। इससे पहले 25 अगस्त को कंधार शहर में तालिबान ने दो पाकिस्तानी पत्रकारों को पकड़ लिया था। उस वक्त तालिबान ने 'ख्बे ऊ़न्' के एक रिपोर्टर और कैमरामैन को पकड़ा था। हालांकि, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया था। '92 नै उेदल्ज' से जुड़े एक पाकिस्तानी पत्रकार अभी भी लापता हैं। पाकिस्तान में पत्रकार यूनियन से जुड़ी संस्था ने पत्रकारों के अपहरण की निंदा की है। इधर पेशावर पुलिस ने अवैध अफगानी घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। यहां तक कि पुलिस ने कुछ अवैध अफगानी घुसपैठियों को पकड़ा भी है। बताया जा रहा है कि इनके पास कोई भी वैध पहचान पत्र नहीं था। बता दें कि पाकिस्तान में जीये सिंध क्वामी महज़ (व्रैंश्) ने 5 सितंबर से पूरे सिंध प्रक्षेत्र में प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। व्रैंश् अफगानी घुसपैठियों को प्रक्षेत्र में पनाह देने के विरोध में यह प्रदर्शन करेगी।

बहरहाल आपको बता दें कि तालिबान ने अफगानिस्तान में नई सरकार के गठन को अगले सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने शनिवार को यह जानकारी दी। तालिबान एक ऐसी सरकार बनाने के लिये संघर्ष कर रहा है जो समावेशी और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को स्वीकार्य हो। उम्मीद की जा रही थी कि तालिबान शनिवार को काबुल में नयी सरकार के गठन की घोषणा करेगा, जिसका नेतृत्व संगठन के सह-संस्थापक मुल्ला अब्दुल गनी बरादर कर सकते हैं। तालिबान ने 15 अगस्त को काबुल पर काबिज होने के बाद दूसरी बार, काबुल में नयी सरकार के गठन की घोषणा स्थगित की है। मुजाहिद ने कहा, ''नयी सरकार और कैबिनेट सदस्यों के बारे में घोषणा अब अगले सप्ताह की जाएगी।'' सरकार गठन को लेकर विभिन्न समूहों के साथ बातचीत के लिए तालिबान द्वारा गठित एक समिति के सदस्य खलील हक्कानी ने कहा कि काबुल में दुनिया को स्वीकार्य समावेशी सरकार बनाने का तालिबान के वादे के कारण देर हो रही है। उन्होंने कहा, ''तालिबान अपनी अकेले की सरकार बना सकता है, लेकिन अब वे एक ऐसा प्रशासन बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसमें सभी दलों, समूहों और समाज के वर्गों का उचित प्रतिनिधित्व हो।''

## सरकार बनाने में जुटे तालिबान को पंजशीर के विद्रोहियों ने ललकारा, अहमद मसूद बोले- आजादी के लिए विरोध कभी नहीं रुकेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तालिबान में सरकार बनाने की कोशिशों में जुटे तालिबान को पंजशीर के विद्रोहियों ने ललकारा है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक पंजशीर वैली में तालिबान के खिलाफ विद्रोह की आवाज बुलंद करने वाले अहमद मसूद ने शनिवार को कहा कि तालिबान के खिलाफ विरोध नहीं रुकेगा।

अहमद मसूद ने कहा कि वो भगवान, न्याय और आजादी के लिए कभी भी अपना विरोध नही रोकेंगे। उन्होंने कहा कि पंजशीर का विरोध और अफगानिस्ता में महिलाओं द्वारा अधिकारों को लेकर हो रहा प्रदर्शन इस बात की ओर इशारा करता है कि अफगानी कभी भी अपने अधिकारों की रक्षा के लिए हार नहीं मानेंगे। इससे पहले शुक्रवार को खबर आई थी कि पंजशीर प्रक्षेत्र में जल्दी ही लड़ाई खत्म होने वाली है और तालिबान ने वहां काफी अंदर तक अपना कब्जा कर लिया है।



हालांकि, विद्रोही गुटों ने इस दावों का खंडन कर दिया था। आपको बता दें कि यह घाटी हिंदू कुश पहाड़ पर स्थित है। अमेरिकी सैनिकों के अफगानिस्तान से जाने के ऐलान के बाद तालिबान ने अफगानिस्तान पर जल्दी ही कब्जा कर लिया। लेकिन पंजशीर वैली वो इलाका है जहां अब तक तालिबान अपना कब्जा नहीं जमा पाया है। यहां तालिबान विद्रोही गुटों ने उनके खिलाफ पिछले कई दिनों से मोर्चा खोल रखा है। तालिबान और विद्रोही गुटों के बीच कई बार हिंसक झड़प हो चुकी है। अपने एक फेसबुक पोस्ट में अहमद मसूद ने लिखा, 'हार सिर्फ तब ही होती है जब अपने कानूनी अधिकारों के लिए लड़ना छोड़ देते हैं और जब आप थक जाते हैं।' अहमद मसूद ने आरोप लगाया है कि तालिबान ने जीने के लिए जरुरी चीजों की सप्लाई इस प्रक्षेत्र में रोक दी है। उन्होंने यूनाइटेड नेशन से अपील की है कि वो तालिबान को ऐसा करने से रोकने के लिए उसपर दबाव बनाए।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.
UPHIN 2001/9025